संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -94 रविवार, 04 फरवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## ईडी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया

### अरविंद केजरीवाल पांचवे समन पर भी गैरहाजिर

» **दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था, शनिवार को ईडी ने अदालत में शिकायत की...**






**नई दिल्ली,03 फरवरी 2024 (ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कथित शराब नीति घोटाले में पांचवें समन पर भी हाजिर न होने के एक दिन बाद प्रवर्तन निदेशालय ने आज अदालत का दरवाजा खटखटाया। ईडी ने शिकायत की है कि केजरीवाल पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए। नई दिल्ली का राउज एवेन्यू कोर्ट बुधवार को इस मामले की सुनवाई करेगा।

अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था. उन्होंने बार-बार दावा किया है कि जारी किए गए समन अवैध हैं और एजेंसी का एकमात्र उद्देश्य उन्हें गिरफ्तार करना है। दो नवंबर को एजेंसी की ओर से पहला समन जारी किए जाने के बाद से ही आम आदमी पार्टी प्रमुख की गिरफ्तारी की अटकलें लगाई जाती रही है।

आम आदमी पार्टी के दो अन्य नेताओं, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को पिछले साल इसी मामले में हिरासत में लिया गया था।

दिल्ली की राऊज एवेन्यू अदालत में शनिवार को ईडी की शिकायत मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 63 (4) के तहत दायर की गई है, जो कि धारा 50 के तहत जारी किए गए किसी भी निर्देश की जानबूझकर अवज्ञा करने से संबंधित है. इस धारा के तहत एजेंसी को किसी व्यक्ति को बुलाने का अधिकार मिला है।

शिकायत में भारतीय दंड संहिता की धारा 174 का भी उल्लेख किया गया है.। यह एक लोकसेवक के आदेश का पालन न करने से संबंधित है।

ईडी ओर से शुक्रवार को भेजे गए समन पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी ने एजेंसी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित और गैरकानूनी बताया था. पार्टी ने एक बयान में कहा, पीएम नरेंद्र मोदी का लक्ष्य अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना और दिल्ली सरकार को गिराना है. हम ऐसा नहीं होने देंगे।

### अरविंद केजरीवाल ईडी के पांच सम्मनों पर भी नहीं हुए शामिल

दिल्ली के मुख्यमंत्री ईडी के पांच समनों पर हाजिर नहीं हुए। यह समन 2 नवंबर, 21 दिसंबर, 3 जनवरी, 19 जनवरी और 2 फरवरी को भेजे गए थे. पिछले साल अप्रैल में मामले के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने उनसे पूछताछ की थी, लेकिन उन्हों एजेंसी ने आरोपी नहीं बनाया। ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से जांच कर रही है।

## लालकृष्ण आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न

### पीएम नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली,03 फरवरी 2024(ए)।** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलेगा। इसकी घोषणा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दी। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए लालकृष्ण आडवाणी को बधाई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने उनसे बात भी की और उन्हें यह सम्मान दिए जाने पर बधाई दी। हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि आडवाणी जी का जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है।प्रधानमंत्री ने लिखा कि लालकृष्ण आडवाणी ने गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी खुद को देश में प्रतिष्ठित किया। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के आडवाणी के साथ अपनी दो तस्वीरें भी साझा कीं।



## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली,03 फरवरी 2024(ए)।** पंजाब गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित ने भारत के राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा भेज दिया है। इस इस्तीफे में उन्होंने कारण व्यक्तिगत बताया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा है- अपने व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण, मैं पंजाब के राज्यपाल और प्रशासक, केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ के पद से अपना इस्तीफा देता हूं। कृपया इसे स्वीकार करें और उपकृत करें।

### जगदगुरू रामभद्राचार्य की तबीयत अचानक हुई खराब



**लखनऊ,03 फरवरी 2024 (ए)।** खबर आ रही है कि पड़ोसी जनपद हाथरस में रामकथा के दौरान जगदगुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार की सुबह तबीयत बिगड़ गई।

उन्हें सीने में दर्द की शिकायत पर आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां उनका इलाज चल रहा है। यहां से उन्हें देहरादून ले जाने की तैयारी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी को फोन करके उनका हालचाल जाना। जगदगुरु की तबीयत बिगड़ने की खबर सुनकर बड़ी संख्या में उनके अनुयायी हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं।

## बिहार में विभागों का हुआ बंटवारा

### गृह मंत्रालय सीएम नीतीश के पास,किसे मिला कौन सा विभाग

**पटना,03 फरवरी 2024(ए)।** बिहार में नई सरकार में शपथ लेने वाले मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पास गृह मंत्रालय, सामान्य प्रशासन सहित कई अन्य विभाग रखे हैं। बिहार के मंत्रिमंडल सचिवालय से जारी अधिसूचना के मुताबिक, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त, वाणिज्य कर,नगर विकास और आवास, स्वास्थ्य, खेल, पंचायती राज, उद्योग, पशु और मत्स्य संसाधन तथा विधि विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

जबकि, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को कृषि, पथ निर्माण, राजस्व और भूमि सुधार, गन्ना उद्योग, खान और भूतत्व, श्रम संसाधन, कला संस्कृति और युवा, लघु जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग सौंपा गया है।विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, भवन निर्माण, परिवहन, शिक्षा, सूचना और जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिजेंद्र प्रसाद यादव को फिर से ऊर्जा विभाग की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा योजना और विकास, मद्य निषेध ,उत्पाद और निबंधन,ग्रामीण कार्य, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग दिया गया है।प्रेम कुमार को सहकारिता, पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन तथा पर्यटन विभाग सौंपा गया है।



जदयू के नेता श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास, समाज कल्याण और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा संतोष कुमार सुमन को सूचना प्रावैधिकी तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। सुमित कुमार सिंह को विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि सभी ने 28 जनवरी को मंत्री पद की शपथ ली थी।

## संजय सिंह को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शपथ लेने की अनुमति दी

### स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया

**दिल्ली,03 फरवरी 2024 (ए)।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की अनुमति दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दे दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया है।

कोर्ट ने संजय सिंह को 5 फरवरी को पुलिस हिरासत में राज्यसभा जाकर शपथ लेने की अनुमति दी है। आज सुनवाई के दौरान संजय सिंह और मनीष सिसोदिया दोनों कोर्ट में पेश हुए। आज दोनों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। संजय सिंह ने दिल्ली हाई कोर्ट में नियमित जमानत याचिका दायर कर रखी है जिस पर हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। उल्लेखनीय है कि राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 दिसंबर 2023 को संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया संजय सिंह मनी लांड्रिंग मामले में सीधे-सीधे या परोक्ष रूप से शामिल हो सकते हैं।



जो तथ्य रिकॉर्ड पर रखे गए हैं, वह ये मानने के लिए पर्याप्त है कि संजय सिंह मनी लांड्रिंग के दोषी हैं। अगर एफआईआर में नाम नहीं है और अगर कोई आरोपित एफआईआर में नाम दर्ज होने के बावजूद बरी हो जाता है तो उसे मनी लांड्रिंग कानून से छूट नहीं मिल सकती। ईडी ने संजय सिंह को 04 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

## रेल मंत्रालय द्वारा रेल्वे भर्ती के लिए कैलेंडर किया गया जारी

**नई दिल्ली,03 फरवरी 2024(ए)।** रेल मंत्रालय ने रेल्वे कि भर्ती के लिए कैलेंडर जारी कर दिया है। इस आशय से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस कैलेंडर को जारी किया है कि जिसमें जनवरी और फरवरी में सहायक लोको पायलट की, अप्रैल से जून तक में तकनीशीयन की,जुलाई से सितंबर के दौरान गैर तकनीकी वर्ग,स्नातक स्तरीय 4, 5,6 तथा गैर तकनीकी वर्ग,स्नातक स्तरीय 2 और 3, जूनियर इंजीनियर तथा पैरा मेडिकल केटेगरी में अक्टूबर से दिसंबर के दौरान लेवल 1 तथा कार्यालयीन तथा अन्य वर्ग के उम्मीदवारों कि भर्ती आयोजित कि जाएगी ।



**नियमित भर्तियों के लाभ**

- ➡ यदि कोई एक प्रयास में उत्तीर्ण नहीं हो सका तो अधिक अवसर मिलेगा।
- ➡ हर साल पात्र बनने वालों को समान अवसर ।
- ➡ चयनित लोगों के लिए बेहतर करियर प्रगति ।
- ➡ तेज़ भर्ती प्रक्रिया,प्रशिक्षण और नियुक्तियाँ ।
- ➡ रेलवे द्वारा रिक्तियों का अधिक सही आकलन
- ➡ आरआरबी/आरआरसी द्वारा पैनल में शामिल होने के बाद उम्मीदवारों को तत्काल नियुक्ति और प्रशिक्षण।

## 5 लाख की रिश्वत लेना कस्टम अधिकारी और पत्नी को पड़ा महंगा

### हुई जेल और लगा भारी भरमक जुर्माना

**नई दिल्ली,03 फरवरी 2024(ए)।** कस्टम अधिकारी और उसकी पत्नी को 5 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में गाजियाबाद की एक विशेष सीबीआई अदालत ने जेल और लाखों का जुर्माना देने की सजा सुनाई है। कस्टम अधिकारी का नाम शशिकांत है। यूपी के गाजियाबाद की एक स्पेशल कोर्ट ने दादरी में अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) में उपायुक्त (सीमा शुल्क) के पद पर तैनात शशिकांत और उसकी पत्नी को पांच लाख रुपये रिश्वत लेने के 10 साल से अधिक पुराने मामले में जेल की सजा सुनाई।सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि कांत को 4 साल की जेल की सजा के साथ-साथ 8 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है, जबकि उसकी पत्नी को दो साल की जेल की सजा सुनाई गई है और 4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अबान एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड के प्रवर्तक नरेंद्र कुमार चुघ और बिचौलिये सतीश गुप्ता को भी मामले में दोषी करार दिया गया है।



## गोवा स्पीकर ने अपनी ही पार्टी के मंत्री को किया बेनकाब

### विपक्ष ने मांगा मंत्री गौडे का इस्तीफा

**पणजी,03 फरवरी 2024 (ए)।** कला एवं संस्कृति मंत्री गोविंद गौडे पर 'विशेष अनुदान' के कथित दुरुपयोग के आरोपों के बाद गोवा में विपक्षी दलों ने उनका इस्तीफा मांगा है।

गोवा विधानसभा अध्यक्ष व एसटी समुदाय के वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश तावडकर ने कहा कि वह मंत्री की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

तावडकर ने कहा, मैं पहली बार ऐसी घटना देख रहा हूं कि मेरी सरकार का कोई मंत्री गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहा है, अनुशासनहीन है और प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहा है। मुझे इस बात का दुख है। ऐसा नहीं होना चाहिए। मैं इसे बर्दाश्त नहीं करुंगा।

उनके अनुसार, कला और संस्कृति विभाग ने उन परिवारों को धन जारी किया है, जिन्होंने कई संगठन बनाए हैं, और उन कार्यक्रमों को आयोजित करने में विफल रहे हैं जिनके लिए अनुदान जारी किया गया था।



तावडकर द्वारा अपनी ही पार्टी के मंत्री पर लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्ष ने गौडे से इस्तीफा देने और जांच का सामना करने की मांग की है। गोवा फॉरवर्ड के विधायक विजय सरदेसाई ने कहा, स्पीकर रमेश तावडकर का आरोप गंभीर है, कार्रवाई अनिवार्य है। कला और संस्कृति मंत्रालय में घोटाले के उनके आरोप और मंत्री द्वारा धन के दुरुपयोग के उनके आरोप को अत्यंत गंभीरता और ध्यान से देखा जाना चाहिए। सरदेसाई ने कहा, मैं सही साबित हुआ हूं क्योंकि मैंने खुद इस मुद्दे को पहले भी कई बार उठाया है लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सरकार को तुरंत इस मामले की व्यापक और स्वतंत्र जांच शुरू करनी चाहिए। विधानसभा के पीठासीन अधिकारी की ऐसी तीखी टिप्पणियों से मंत्री की स्थिति अब अस्थिर हो गई है, और मैं मांग करता हूं कि वह पद छोड़ दें और जांच का सामना करें।

कला एवं संस्कृति मंत्री पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाते हुए जीपीसीसी अध्यक्ष अमित पाटकर ने भी उनके इस्तीफे की मांग की।

## पूर्व सीएम अशोक गहलोत अस्पताल में भर्ती

**जयपुर,03 फ रवरी 2024 (ए)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, अब उनकी हालत स्थिर है। उन्हें कोविड-19 और स्वाइन फ्लू से संक्रमित पाया गया है। अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि गहलोत को रात करीब 12 बजे भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी जांच की। अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है।डॉक्टरों ने कहा कि देर रात जब गहलोत को अस्पताल लाया गया तो शुरुआती जांच में उनका ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल 85-90 के बीच था जो काफी कम है। उन्हें रात में भर्ती होने के लिए कहा गया। सुबह उनका बीपी, पल्स रेट और अन्य शारीरिक पैरामीटर सामान्य रहे।डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें अभी ऑक्सीजन दी गई है। पिछले कुछ दिनों से गहलोत अस्वस्थ हैं। बुखार और सर्दी के अलावा उन्हें ठंड लगने और सांस लेने में थोड़ी दिक्कत की समस्या थी।पूर्व सीएम साल 2021 और 2023 में भी कोविड-19 से संक्रमित हो चुके है। उस वक्त एसएमएस अस्पताल के



## हेमंत सोरेन को मिली राहत

### ईडी कोर्ट ने दी 5 फरवरी को फ्लोर टेस्ट में हिस्सा लेने की अनुमति

**रांची,03 फरवरी 2024 (ए)।** झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सरकार के पांच फरवरी को सदन में विश्वास मत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विधानसभा में उपस्थित होने की अनुमति ईडी कोर्ट ने दे दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने शनिवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सुबह 11:00 बजे विधानसभा में उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने हेमंत सोरेन की ओर से पक्ष रखा। बहस के दौरान अदालत को बताया गया कि राज्यपाल ने पांच फरवरी को सुबह 11:00 बजे चम्पाई सोरेन सरकार के विश्वास मत के लिए समय निर्धारित किया है। हेमंत सोरेन अभी ईडी के न्यायिक हिरासत में हैं, इसलिए उन्हें विधानसभा सत्र में विश्वास मत के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाये। अदालत ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद हेमंत सोरेन को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दे दी है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार से हेमंत सोरेन पांच दिनों के ईडी के रिमांड पर हैं। इससे पूर्व ईडी ने 31 जनवरी को देर रात जमीन घोटाले के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया था और एक फरवरी को कोर्ट में पेश किया था। दो फरवरी को अदालत ने पांच दिन की पूछताछ के लिए उनसे ईडी को इजाजत दी है।

## पुलिस थाने में ही शिंदे गुट के नेता पर बरसाईं गोलियां

**ठाणे,03 फ रवरी 2024 (ए)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक पुलिस स्टेशन के अंदर ही गोलीबारी की खबर सामने आई है। इस घटना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना नेता को भाजपा विधायक ने गोली मारी है। शिवसेना नेता महेश गायकवाड़ को घायल करने के आरोप में भाजपा विधायक गिरफ्तार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों नेताओं में कुछ दिनों से मतभेद था। इसके बाद वे दोनों पुलिस स्टेशन में शिकायत करने आए थे, जहां भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने महेश गायकवाड़ और उनके साथियों पर गोली चला दी। घायल शिवसेना विधायक महेश गायकवाड़ को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके हालात की जानकारी अभी नहीं मिली है।एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि महेश गायकवाड़ और उनके एक समर्थक को पांच गोलियां लगीं। रिपोर्टों के अनुसार, भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ और शहर प्रमुख महेश गायकवाड़हिल लाइन पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अनिल जगताप के हॉल में बातचीत कर रहे थे, तभी भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ के समर्थकों ने झड़प की और महेश गायकवाड़ पर गोलियां चला दीं। डीसीपी सुधाकर पठारे ने कहा कि जांच चल अभी चल रही है।



इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) नेता आनंद दुबे ने '3 इंजन सरकार' को निशाने पर लेते हुए कहा कि यह फायरिंग पुलिस स्टेशन के अंदर हुई है। जिसने गोली चलाई वह भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ थे और जिसे गोली लगी है वो शिवसेना शिंदे गुट के नेता महेश गायकवाड़ थे। उन्होंने कहा कि ये अफसोसजनक है कि दो पार्टियों के नेता लड़ रहे हैं और एक-दूसरे को मारने की कोशिश कर रहे हैं।

## संपादकीय

# हेमंत की गिरफ्तारी, विपक्षी नेता चिंता में

बिहार में नीतीश कुमार के पाला बदल कर एनडीए में चले जाने और भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बन जाने की घटना ने कांग्रेस और विपक्ष को जितनी चिंता में नहीं डाला है उससे ज्यादा चिंता झारखंड के घटनाक्रम से हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिर पर बैठ कर जिस तरह से ईडी ने उनका इस्तीफा कराया और उसके बाद उनको गिरफ्तार किया उससे विपक्ष के कई नेता बेचैन हुए हैं। खास कर ऐसे नेता, जिनसे ईडी की पूछताछ चल रही है और अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल और हरियाणा से लेकर दिल्ली व महाराष्ट्र तक विपक्षी पार्टियों के नेता चिंता में हैं। सबको गिरफ्तारी की चिंता सता रही है। उनकी चिंता यह है कि अगर भाजपा को लगा कि किसी नेता की वजह से 2024 के चुनाव में नुकसान हो सकता है तो एजेंसी उस नेता को गिरफ्तार करके रास्ते से हटा सकती है।

इस चिंता में सबसे ज्यादा लालू प्रसाद का परिवार है। उनके परिवार के पांच लोगों से ईडी की पूछताछ चल रही है। लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के अलावा बेटे तेजस्वी यादव और दो बेटियों, मीसा भारती व हेमा यादव का नाम जमीन के बदले रेलवे में नौकरी से जुड़े कथित घोटाले में शामिल किया गया है। लालू से 29 और तेजस्वी से 30 जनवरी को पूछताछ हुई थी। अब राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव को नौ फरवरी को दिल्ली में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उसी दिन इन तीनों को दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में पेश होना है, जहां आरोप तय होंगे। सो, लालू परिवार में चिंता है। लालू प्रसाद या तेजस्वी यादव में से किसी को गिरफ्तार होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इनके करीबी रहे अमित कत्याल ने केंद्रीय एजेंसी को कुछ जानकारी दी है। कत्याल अभी जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि राजद की राजनीति लालू और तेजस्वी ही संभाल रहे हैं। इसी तरह दिल्ली में आम आदमी पार्टी में चिंता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बहुत परेशान हैं और इस परेशानी में ही वे विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए देने और उन्हें तोड़ने की साजिश के अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं। वे किसी तरह से यह दिखाना चाहते हैं कि भाजपा उनकी पार्टी तोड़ने और सरकार गिराने के लिए उनको गिरफ्तार करना चाहती है। वे भ्रष्टाचार के नैरेटिव से ध्यान हटाना चाहते हैं, जबकि भाजपा का प्रयास उनको भ्रष्टाचार के आरोप में घर कर उनके कट्टर ईमानदार होने के नैरेटिव को खत्म करने का है। उनकी पार्टी के दो नेता, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल में हैं और अगर केजरीवाल जेल चले जाते हैं तो उनकी पार्टी का प्रचार अभियान पटरी से उतर जाएगा। ईडी ने उनको पांचवां समन जारी किया है और दो फरवरी को हाजिर होने के लिए कहा है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के ऊपर सीधे कोई आरोप नहीं है। लेकिन उनकी पार्टी के आधा दर्जन से ज्यादा बड़े नेता, विधायक और पूर्व मंत्री गिरफ्तार हो चुके हैं। ममता की चिंता भतीजे अभिषेक और उनकी पत्नी व ससुराल के अन्य लोगों की गिरफ्तारी की है। शिक्षक भर्ती व राशन में कथित घोटाला और कोयला तस्करी का मामला चल रहा है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे की पार्टी के नेताओं पर भी कार्रवाई हो रही है। पवार की चिंता अपने पोते रोहित पवार को लेकर है, जो परिवार के विवाद में अजित के साथ जाने की बजाय उनके साथ रहे हैं। रोहित से ईडी ने पूछताछ की है और जल्दी ही उनको दोबारा बुलाया जा सकता है।

# कैंसर नियंत्रण की दिशा में उठाने होंगे बड़े कदम



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है।

कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। 2014 में इसे विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्य 5 पर केंद्रित किया गया है। जो कैंसर के कलंक को कम और मिथकों को दूर करने से संबंधित है।




दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।

अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। इतना ही नहीं भारत में सालाना बढ़ते कैंसर मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है। देश में कैंसर के मामलों की कुल संख्या 2022 में 14,61,427 रही। वहीं 2021 में यह 14,26,447, जबकि 2020 में 13,92,179 थी। सबसे ज्यादा कैंसर के मरीज उत्तर प्रदेश में हैं। यहां 2020 में 2,01,319, 2021 में 2,06,088 और 2022 में 2,10,958 मरीज मिले। वहीं सबसे कम कैंसर मरीज केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में हैं। यहां 2020 में 27, 2021 और 2022 में 28-28 मरीज मिले हैं।

कैंसर रोगों का एक समूह है जो असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार से होता है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। यह पहचानना आवश्यक है कि कुछ जीवनशैली विकल्प, जैसे धूम्रपान, खराब आहार और शारीरिक गतिविधि की कमी, कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।

हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक फफड़ों का कैंसर (लंग्स कैंसर) सबसे खतरनाक कैंसर हो सकता है। हमारे देश में भी लंग्स कैंसर के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों का अनुमान है कि 2023 के आखिर तक करीब 2.38 लाख से ज्यादा लोगों में लंग्स कैंसर मिल सकता है।

विश्व कैंसर दिवस 2024 की थीम है केयर गैप को बंद करें। यह कैंसर देखभाल में वैश्विक असमानताओं को रेखांकित करती है। यह कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सभी के लिए समान स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर जोर देते हुए, गुणवत्तापूर्ण उपचार तक पहुंच में अंतर को पाटने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान करता है।

कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं। विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है। जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं।

कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2020 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30-50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर की चुनौती से निपटने का सबसे अच्छा तरीका इस मुद्दे के बारे में लोगों से बातचीत शुरू कर के जागरूकता बढ़ायी जाये। तभी कैंसर जैसी जावलेवा बिमारी से लोगों की जीवन रक्षा की जा सकेगी।

## देखिए यह संसार है

देखिए यह संसार है
स्वार्थ के बिना कोई
किसी से बात नहीं करता!
कमजोर को मारते हैं सब
हर कोई है तगड़े से डरता!
जीने मरने की कसमें खाते हैं
कोई किसी के लिए नहीं मरता!
स्वार्थ के लिए पांव पड़ते हैं
मां बापके कोई पांव नहीं पड़ता।
जब तक कोई मुसीबत ना आए
मंदिर की सीढ़ियां नहीं चढ़ता।
जब तक कोई भी स्वार्थ न हो
किसी का दुख कोई नहीं हरता।
सत्ता सुख तो चाहते हैं सभी ही
देश हित में सूलीकोई नहीं चढ़ता।
दबाव में सरकार काम करती है
झटके बिना वृक्ष से बेर नहीं गिरता।
देखिए साहब कैसा यह संसार है
मतलब की यहां प्रीत और प्यार है।



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक
हरियाणा

# चौरी-चौरा जन विद्रोह के जन नायकः कोमल पहलवान

चौरी चौरा विद्रोह राष्ट्रीय आंदोलन की एक प्रमुख घटना है। चौरी -चौरा उत्तर-प्रदेश के गोरखपुर जनपद मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर देवरिया मार्ग पर है।चौरी-चौरा के 10 किलोमीटर के रेंज में सरैया चीनी मिल और नील के 4 मिल थे।यहां खेती उन्नत दशा में थी।खेती पर जमींदारों का एकाधिकार था। किसान कामगार मजदूर जमींदारों के तरह- तरह के लगान और बेगार से पीड़ति और प्रताड़ित थे।मजदूरो के लंबे उत्पीड़न सच में चौरी चौरा विद्रोह का प्रमुख कारण है।

प्रारंभ में चौरी-चौरा विद्रोह को सम्मानित करने के बजाय उसे उपेक्षित किया गया। राष्ट्रीय आंदोलन की पहली घटना है जो अंग्रेजो के खिलाफ जबर्दस्त प्रतिकार थी। चौरी-चौरा विद्रोह एक अभूतपूर्व घटना थी जिसमे विद्रोहियों ने पुलिस और जमींदारों के ज्यादती से तंग आकर 4 फरवरी 1922 को चौरी चौरा पुलिस थाने में आग लगा दी थी जिसमे 23 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी।इस घटना ने ब्रिटिश हुकमत को हिला कर रख दिया था और घटना से आहत होकर महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन स्थगित कर दिया था।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस मामले में अदालती कार्यवाही के बाद 19 लोगो को फांसी,14 लोगो को उम्र कैद और कई एक को विभिन्न सजाए दिया था।यह मुकदमा अब्दुल्लाह व अन्य बनाम ब्रिटिश हुकूमत के नाम चला था।

इतिहास की कमजोरियों और चालाकियों के कारण बलिदानियों के शौर्य को कम आंका गया।

इस आंदोलन के नेतृत्व कर्ताओ में एक थे गोरखपुर जनपद के ब्रह्मपुर ब्लॉक के राजधानी गांव निवासी 40 वर्षीय अब्दुल्लाह चूड़ीहार।

अब्दुल्लाह के रिश्तेदार नजर अली जो इस विद्रोह के शहीद हैं, वो रंगून से लौटे थे उनको देश दुनिया में हो रहे हलचलों की खबर थी।अब्दुल्लाह भी देश के हालात और गुलामी से वाकिफ थे।

गोरखपुर और आसपास में जब असहयोग आंदोलन की चर्चा शुरू हुई तो अब्दुल्लाह उसमे भाग लिए बिना नहीं रह सके। फ़रवरी 1921में गांधी जी का भाषण सुनने भगवान अहीर,विक्रम और नजर अली के साथ गोरखपुर गए थे।

अब्दुल्लाह इसके बाद जल्द ही पत्नी तीलिया और 2-3 साल के बेटे रसूल को छोड़कर लगभग 40 साल की उम्र में अहमदाबाद कमाने चले गए ।



वहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में स्वयं सेवक के रूप में मुस्लिम मेस में काम किए थे।

अब्दुल्लाह अधिवेशन में हुई चर्चा से प्रभावित थे।वहीं उन्हें रूसी क्रांति और मजदूरों किसानों के राज्य की स्थापना की जानकारी मिली।

मजदूर किसान के राज का स्वप्न लिए अब्दुल्लाह अपने गांव राजधानी आए।राजधानी गांव में 1887 में स्कूल खुल चुका था।यहां का अभिजात्य वर्ग पढ़ा लिखा था।अब्दुल्लाह का व्यवसाय ऐसा था कि आम लोगो से जुड़ाव था। ऐसे में बहुत कुछ देख सुन कर समझ लिए थे।

यह वही दौर था जब देश में गांधी जी के असहयोग आंदोलन के समर्थन में लगातार असहयोग कर रहा था।

विद्रोही विक्रम अहीर,भगवान अहीर, प्रधान अहीर और कोमल पहलवान थे।उस दौर के 40-50 किलोमीटर के पहलवानों में आपसी सम्बन्ध थे।डूमरी खुर्द के अखाड़े के उस्ताद नजर अली थे। सहुआकोल के कोमल पहलवान चौरी-चौरा विद्रोह के समय थाने में थे।इस विद्रोह के बाद इनकी भी गिरफ्तारी हुई थी।कोमल पहलवान पहले व्यक्ति है जो जेल से भागने में सफल हो गए थे लेकिन पुनःगद्दारों की मुखबिरी के बाद इनकी गिरफ्तारी और 1924 के गर्मियों में इनकी फांसी हो गई।

80 वर्षीय कॉमरेड पुरुषोत्तम त्रिपाठी और कॉमरेड गिरजेश सिंह 1920 में गोरखपुर के बड़हलगंज में हुए ग्वाल विद्रोह को चौरी-चौरा विद्रोह का एक कारक मानते हैं।

कोमल पहलवान ने उस विद्रोह में जमींदारों से लोहा लिया था।

अब्दुल्लाह और कोमल की अपने अपने इलाके के जमींदारों से अदावत थी।ये लोग सामंतों के उत्पीड़न के शिकार थे। सजा ए मौत के बाद अब्दुल्लाह अपने गांव के जमींदारो के ऊपर विद्रोह में फसाने का आरोप लगाते हुए मर्सी अपील किए थे।इन सब बातों से प्रतीत होता है कि अब्दुल्लाह और कोमल सर्वहारा नेता थे जो आम आदमी की सामंती उत्पीड़न से भी मुक्ति चाहते थे। कोमल पहलवान का आना जाना राजधानी के गोकुल अहीर और ठाकुर अहीर के वहां था।चौरी- चौरा के आसपास के पहलवानों से कोमल पहलवान का अच्छा संबंध था।स्थानीय लोगों का मानना है कोमल इस विद्रोह के प्रमुख किरदार थे जिनका अब्दुल्लाह के गांव राजधानी आना जाना था।यह सम्भव है कि उनका सम्बन्ध अब्दुल्लाह से रहा हो।कोमल पहलवान के गांव के रिटायर्ड प्रिंसिपल आर एस दुबे बताते हैं कि कोमल पहलवान स्थानीय जमींदारों से लोहा लिए थे।

ब्रिटिश हुकूमत का जमींदारों के गठजोड़ का नतीजा रहा कि विद्रोह के बाद कोमल का घर ब्रिटिश हुकुमत ने जमींदोज कर दिया था।श्री दुबे आगे बताते हैं कालांतर में उनके परिजन चैनपुर गांव में बस गए। चौरी चौरा के आम बुजुर्ग आज भी कहते मिल जायेंगे की कोमल चौरा थानवा फुकले रहने।

असहयोग आन्दोलन के प्रारंभ में स्वयं सेवकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी।लाल मोहम्मद,नजर अली,भगवान अहीर सबसे पहले नेशनल वालिंटियर बन गए थे। राजधानी मंडल के अध्यक्ष अब्दुल्लाह थे।13 जनवरी,1922 को डूमरी खुर्द में मण्डल स्थापना के बाद दूसरी मीटिंग चार फरवरी शनिवार को हुई। इस बीच भगवान अहीर की थानेदार गुप्तेश्वर सिंह ने अकारण पिटाई कर दी थी जिससे स्वयं सेवक बहुत आहत थे।स्वयं सेवकों के मीटिंग के बाद उनका जत्था भीड़ की शक्ल में अनुशासित ढंग से थानेदार से पूछने की नियति से थाने पर गई उनके सवालों का जवाब न देकर थानेदार के जातीय अहंकार ने रणनीतिक चूक के तहत भीड़ पर गोली चलवा दी जिसमें तीन गरीब किसान मजदूर मौके पर दम तोड़ दिए। जिसके बदले में भीड़ ने प्रतिहिंसा कर दी और इतनी बड़ी घटना घट गई।

अदालती कार्यवाही के बाद 19 लोगो को सजा ए मौत के बाद विभिन्न जेलों में फांसी दे दी गई।विद्रोह के प्रमुख नायकों में से एक अब्दुल्लाह की फांसी बाराबंकी के जिला कारागार में 3 जुलाई 1923 को प्रातः 6 बजे हुई थी।

क्रांतिकारियों से अलग मुकदमे में 2024 में कोमल की फांसी हो गई।कोमल पहलवान के लडके जीतन पहलवान भी विद्रोह के बाद खूब चर्चा में रहे। वर्ष 2021 में जब मैं सहुआकोल पहुंचा तो संयोग से कोमल पहलवान के परिजन पहलवान के सहादत का वीर रस विरहा सुन रहे थे।मैं देख कर दंग रह गया सैकड़ों वर्ष बीत जाने के बाद उनके गांव और आसपास के लोग बहुत शिद्दत से उन्हे याद करते हैं। कोमल पहलवान की बहुत सी कहानियां लोक में प्रचलित है। वैसे अंग्रेजो ने कोमल पहलवान को डकैत घोषित किया था। उस दौर में हुकूमत के खिलाफ बगावत करने वालो को अंग्रेज डकैत ही कहते थे।

राष्ट्रीय आंदोलन के महानायकों को इतिहास में विशेष जगह नहीं मिली। चौरी चौरा जन विद्रोह का वास्तविक इतिहास कोमल पहलवान के बगैर पूरा नहीं हो सकता।उनके बयोबृद्ध पौत्र फौजदार जिनका गुलाम भारत में नामकरण अंग्रेजो ने किया था कहते है ------ कोमल बाबा चौरा फूक के तहस नहस कर दिए थे।

भगवान और रुदली केवट पेंशन भोगी सैनिक थे।ये दोनों प्रशिक्षित थे स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित करते थे।

जब इतिहास सच्चे नायकों के साथ न्याय नहीं करता है तो लोक अपने नायकों को खुद सम्मानित करता है।डूमरी खुर्द में आज भी मोहर्रम के गीतों में महिलाएं नजर अली और विक्रम की कुर्बानी को याद करती हैं।जननायक कोमल पर वीर रस के बिरहा आज भी गाए जाते हैं मसलन- सहुआ कोल के कोमल जगलन फूकने चौरा थनवा आदि आदि देश पर मर मिटने वाले सच्चे वीरो के परिजन को भूख का भय सताता रहे उपेक्षा इंतहा तक हो तो सरकारी तंत्र पर सवाल निः संदेह उठेगा। तीसरी पीढ़ी के फौजदार और उनके भाई के परिजन की दशा अत्यंत दयनीय है।

चौरी-चौरा विद्रोह पर पहली पुस्तक कॉमरेड राममूर्ति ने लिखी थी। दूसरी पुस्तक अनिल श्रीवास्तव ने लिखा। इतिहासकार शाहीद अमीन ने अंग्रेजी में चौरी-चौरा जन विद्रोह पर एक खोजपरक किताब लिखकर सबका ध्यान चौरी-चौरा जन विद्रोह की तरफ आकृष्ट किया।

वर्ष 2014 में इतिहासकार सुबाष कुशवाहा ने चौरी-चौरा जन विद्रोह पर एक प्रामाणिक शोधपरक,विस्तृत पुस्तक लिख कर इस विद्रोह को समझने मेंआसानी कर दी।

इन चारो लेखक ने कोमल पहलवान समेत सभी बलिदानियों के शौर्य पर प्रकाश डाला है।

राष्ट्रीय आंदोलन में चौरी चौरी विद्रोह ने सर्वाधिक हस्तक्षेप किया।यह विद्रोह देश के आजादी के लिए निर्णायक रहा। अफसोस,चौरी चौरा जन विद्रोह के उन्नीस नायकों की फांसी 2 जुलाई से ग्यारह जुलाई 1923 के बीच हुई थी लेकिन आज भी चौरी चौरा स्मारक पर सबके फांसी की तारीख दो जुलाई ही अंकित है।दुर्भाग्य की इन्तहा है कि चौरी-चौरा विद्रोह के मुख्य नायक कोमल पहलवान का स्मारक स्थल पर कहीं कोई जिक्र नही है।

**-योगेंद्र जिज्ञासु-**

## देश को तोड़ने की मांग करने वाले कौन

निस्संदेह बजट प्रस्तावों की तीखी आलोचना करने में कोई बुराई भी नहीं है। आप देश के सामान्य नागरिक हों या फिर सांसद,आपको केन्द्रीय बजट पर अपनी बेबाक राय रखने का पूरा हक है। पर इस बात को देश का कोई नागरिक कैसे स्वीकार कर सकता है कि कोई इंसान सिर्फ इसलिए ही अलग देश बनाने की मांग करने लगे , क्योंकि उसे बजट प्रस्ताव पसंद नहीं आए। यह पूर्णतः अस्वीकार्य है। कांग्रेस सांसद डी. के. सुरेश ने यही किया। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट पर सुरेश ने दक्षिण भारत के लिए 'अलग देश' बनाने की ही मांग कर डाली। धिक्कार है ऐसे सांसद का ! अपमान है भारतीय संविधान का जिसकी शपथ लेकर वे चुने गये और पुनः संसद में वही शपथ लेकर बैठे । उन्होंने कहा है कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे 'अन्याय' को ठीक नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। लेकिन , उन्होंने यह बताने से परहेज किया कि अन्याय क्या हो रहा है ? केंद्रीय करों से एकत्रित राशि के बँटवारे का एक सर्वसम्मति से तैयार एक नियम होता है जो केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर तय करती हैं और उसी तय नियम के अनुसार करों से प्राप्त धनराशि का बँटवारा होता है । शायद, कांग्रेस के विद्वान सांसद को यह जानकारी नहीं होगी।

**-आर.के.सिन्हा-**

## नवगीत

कर्म राह पर अविरल चलना,
जैसे नदिया बहती है।
कितने ही पाषाण भेदते,
हृदय व्यथा कब कहती है।।
मृदुल तरंगों की ठोकर से,
शैल पंथ निज बदलेगा।
मेहनत बनती रही भरोसा,
दुख का पर्वत पिघलेगा।।
पूस माह में धूप निकलने को,
कितना श्रम करती है।
धुंध छुपा लेती आभा को,
किंतु किरण कब डरती है।।
आस हृदय की नहीं छोड़ना,
उससे ही सब संभलेगा।
मेहनत बनती रही भरोसा,
दुख का पर्वत पिघलेगा।।
रात्रि अमावस जब आती है,
इंदु नहीं घबराता है।
धवल चंद्रिका देने को वह,
पूनम लेकर आता है।।
यत्न काग सा करके देखो,
नीर घड़े से छलकेगा।
मेहनत बनती रही भरोसा,
दुख का पर्वत पिघलेगा।।
नित प्रयास हो जब श्रद्धा से,
गंगा भू पर आ जाए।
जो गुरु प्रतिमा मन में धारे,
एकलव्य वह कहलाए।।
पर्वत भी मन को छोड़ेगा,
विषधर अमृत उगलेगा।
मेहनत बनती रही भरोसा,
दुख का पर्वत पिघलेगा।।
आजीवन कब रहता पतझर,
उसको जाना होता है।
कब रजनी के आँचल छुपकर,
दिनकर राजा सोता है।।
रैन रहे कितनी भी लंबी,
प्राची सूरज निकलेगा।
मेहनत बनती रही भरोसा,
दुख का पर्वत पिघलेगा।।




प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## एक दिन जरूर रंग लाएगा

कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ ,
सफलता तुझे मिल ही जाएगा।
मेहनत की ये तेरी कोशिश,
एक दिन जरुर रंग लाएगा।।
संघर्षो की कहानी लिखते जा,
परिणाम तुझे मिल ही जाएगा।
संघर्ष की ये तेरी कोशिश,
एक दिन जरुर रंग लाएगा।।
आज रास्ता बना लिया है,
कल मंजिल भी मिल जाएगा।
हौसलो की ये तेरी कोशिश,
एक दिन जरुर रंग लाएगा।।
अपने अंदर जुनून पैदा कर,
लक्ष्य तुझे मिल ही जाएगा।
जुनून की ये तेरी कोशिश,
एक दिन जरुर रंग लाएगा।।
जीवन में कुछ चाहत है अगर,
कभी न कभी मिल ही जायेगा।
चाहत की ये तेरी कोशिश,
एक दिन जरुर रंग लाएगा।।




श्याम सुंदर साहू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## उत्तर का इंतजार करती रही

तुमने प्रेम में पूर्ण विराम लगाना चाहा,
मैं योजक चिह्न सी उसे जोड़ती रही।
प्रश्न सूचक चिह्न बनते रहे तुम,
मैं विस्मय सूचक चिह्न सी निहारती रही।
अल्प विराम की तरह तुम,
अलग करने में लगे रहे,
मैं तुम्हारे निर्देशों को
अर्द्धविराम समझती रही।
तुम लाघव चिह्न सा
मुझे संक्षिप्त करते रहे,
मैं उद्धरण चिह्न की तरह तुम्हें
विशेष करती रही।
उपविराम की तरह तुम
अलग दिखाते रहे,
मैं जीवन के कोष्ठक
में तुम्हें बंद करती रही।
हँसपद की तरह तुम मुझे
त्रुटि बोधक जताते रहे,
मैं विवरण चिह्न सी अगली पंक्ति में,
उत्तर का इंतजार करती रही......।



गरिमा राकेश गर्विता
कोटा,राजस्थान।

## तमस का उजाला

धंधा खूब चमक रहा है,तमस के इन उजालों में।
विज्ञ मूढ़ सा लहक रहा है,अंतर्बोध के छालों में।।
तू समझ कहाँ कमजोरी है,बार-बार गिरोगे नालों में।
ऐसी दशा लाते रहेंगे,
उलझाने मकड़ी के जालों में।।
जला ले घी के दीपक,
चाहे दशा रहे बदहालों में।
धीरे-धीरे ठहर जा,
जब पड़ेगा तमाचा गालों में।।
दर्द भी होगा,आँसू भी छलकेंगे,
देखकर कंकालों में।
जब तक अर्थी न निकले,
समझ न आएगा कुचालों में।।
देख बच्चे के मुख को,
फिर छप्पर छेद तिरपालों में।
कैसे करवट बदलेगी फिजा,
बदलाव ला ख्यालों में।।
तुझे गर्त में ले जाने को,
साजिश इस उत्सव कालों में।
तुम ही एक मोहरा हो,
सत्ता संपदा पाने के चालों में।।



चन्द्रकांत खुंटे क्रांति
जांजगीर-चाम्पा
(छत्तीसगढ़)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# कांग्रेस में दिग्गज नहीं दिखा रहे दम

**2023** के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी पराजय के बाद कार्यकर्ताओं से ज्यादा हताशा कांग्रेस के दिग्गज नेता दिखा रहे है। मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कोई उत्साह दिखाते नजर नहीं आ रहे जबकि इन दोनों की जोड़ी ने 2018 के विधानसभा चुनाव 2019 के लोकसभा चुनाव और 2023 के विधानसभा चुनाव में भारी दम खम दिखाया। दरअसल, प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सरकार बनाने की उम्मीद है। 2018 की तरह बन गई थी लेकिन करारी हार मिलने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व में जिस तरह से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन किया। उसके बाद दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने लोकसभा चुनाव के प्रति किसी भी प्रकार का उत्साह नहीं दिखाया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जहां लोकसभा चुनाव लड़ने से ही इनकार कर दिया क्योंकि उनके अभी राज्यसभा के 2 वर्ष का कार्यकाल बाकी है जबकि पार्टी हाईकमान और पार्टी के रणनीतिकार दिग्गज नेताओं को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारना चाहते हैं। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी विधानसभा चुनाव की पराजय के बाद बाहर चले गए थे। कुछ दिन पहले भोपाल और छिंदवाड़ा आकर औपचारिकता की है। किसी पर प्रकार की रणनीति बनाने या चुनावी तैयारी जैसा कोई बयान भी सामने नहीं आया है। इसके विपरीत कमलनाथ के पुत्र सांसद कमलनाथ को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहता है कि वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं लड़ेंगे। यहां तक कि वह किस पार्टी से लड़ेंगे ऐसे भी प्रश्न चर्चा में आना कांग्रेसियों के लिए किसी झटके से कम नहीं है। बहरहाल, प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जहां सभी 29 लोकसभा सीटे जीतने के लिए बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक जोरदार तैयारी में जुट गई है। सत्ता और संगठन कदमताल करते हुए पूरी तरह से चुनाव पर फोकस किए हुए हैं। पार्टी प्रत्याशियों को लेकर सर्वे चल रहे हैं नए चेहरों को मैदान में उतरने और कुछ दिग्गज नेताओं को लड़ाने पर भी विचार चल रहा है। पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या में राम मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा के बाद बने माहौल को पार्टी जन-जन तक पहुंचा रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी जुझारू क्षमता अभी तक मैदान में नहीं दिखा पा रहे हैं क्योंकि उन्हें नए सिरे से पूरे प्रदेश की तासीर समझना है। राजनीतिक हालातो को पार्टी के पक्ष में कैसे लाया जाए इसके लिए कठिन परिश्रम करना है। उनका परिश्रम तभी कामयाब होगा जब पार्टी के वरिष्ठ नेता उनके साथ कदमताल करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह जैसे दिग्गज नेता जब तक मैदान में दम नहीं दिखाएंगे। कांग्रेस के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा यदि यह सब नेता लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरते हैं खुद चुनाव लड़ते हैं तो कार्यकर्ताओं का भी मनोबल बढ़ेगा और अपने साधनों और कार्यकर्ताओं की फौज की दम पर यह नेता टक्कर देते भी नजर आएंगे। -

**-देवदत्त दुबे-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# अमेरा खुली खदान से बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी

## शिकायत के बाद कार्यवाही करने पहुंची पुलिस टीम जप्त किया बड़ी मात्रा में कोयला

## जप्त कोयला थाना न पहुंच ईट भट्टों में पहुंचा

## कोल माफिया और पुलिस के साठ गांठ से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी कर खपाया जा ईट भट्टों में

## एसईसीएल प्रबंधन और पुलिस एक-दूसरे को ठहरा रहे जिम्मेदार










-मनोज कुमार-
लखनपुर,03 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमेरा खुली खदान से कोल माफिया पुलीस से साठ गांठ कर खेत में तौल मशीन लगाकर ग्रामीणों से कोयला खरीदकर ईट भट्ठों में खपाया जा रहा है। अमेरा खदान से कोयला चोरी की शिकायत की गई। सहायक उप निरीक्षक नेतराम पैकरा,संदीप सिंह,प्रधान आरक्षक मुक्तिलाल तिर्की,विजयराज सिंह,अहिशंकर आयाम,आरक्षक मुनेश्वर, नंदलाल,बंदे शिकायत उपरांत पुलिस टीम अमेरा खदान के दुसरे छोर ग्राम कटकोना पहुंची और बड़ी मात्रा में कोयला जप्त किया। जप्त कोयला को लखनपुर थाना ले जाने बड़ी संख्या में ट्रैक्टर वहां मांगये गए। उक्त ट्रैक्टर वाहनों में जब तक कोयले को ग्रामीणों की मदद से लोड किया गया परंतु कोयला लोड ट्रैक्टर को लखनपुर थाना ना लेजाकर उक्त जप्त कोयले को क्षेत्र में संचालित ईट भट्ठों में बेचकर गाढ़ी कमाई की गई। कोल माफिया के द्वारा ग्रामीणों की मदद से अमेरा खदान से महज सौ मीटर दूर खेत में कोयला इकठ्ठा कर दो पहिया,चार पहिया ,छह पहिया वाहनों में अवैध कोयला परिवहन कर क्षेत्र के ईट भट्ठे सहित कई जिले में खपाने का कार्य कोल माफियाओं किया जा रहा है। अवैध कोयला उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने एसईसीएल अमेरा और प्रशासन नाकाम नजर आ रही है। यही नहीं कोल माफिया द्वारा घुनघुट्टा नदी किनारे खड्डे खोदकर खदान संचालित कर रहे हैं। और वहां से निकलने वाला कोयला कई ईट भट्ठों में भेजा जा रहा है। अमेरा खदान छेत्र से हर रोज कम से कम बीस से तीस टन कोयला निकल रहा है। इसकी शिकायत एसईसीएल ने पुलिस थाने में की है, लेकिन पुलिस का कहना है हम कोयला चोरी करने वालों को भगाते हैं लेकिन क्या करें। उन्हें इसकी शिकायत प्रशासन से भी करना चाहिए। जबकि हकीकत यह है कि माफियाओं के दबाव में अफसर या पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रतिदिन कम से कम लाखो रूपए का कोयला यहां से पार हो रहा है। अमेरा कोयला खदान का ग्रामीणों ने विस्तार को रोक दिया इस पर एसईसीएल और ग्रामीणों का बीच हमेशा विवाद होता रहता है। कोल माफियाओं द्वारा आसपास के ग्रामीणों के माध्यम से इस खदान के आसपास एसईसीएल और अधिग्रहण की गई जमीन घुनघुट्टा नदी किनारे से सैकड़ों की संख्या में मजदूरों को लगाकर कोयला खनन करा रहे हैं। यहां तालाब नुमा अवैध कोल माइंस में मजदूर पूरे दिन भर कोयला का खनन करते हैं और रात में माफिया वाहनों से भट्ठों में कोयला लेकर जाते हैं। इतना ही नहीं कई जगह तो दूरी कम होने पर ग्रामीण ही बाइक और साइकिल में कोयला को बोरों में भरकर पहुंचाते हैं। इसके बदले ग्रामीणों को माफिया प्रति बोरी 200 सौ रुपए देते हैं और एक व्यक्ति सात से 10 बोरा पहुंचा देता है। हद तो यह है कि कोल माफिया हर साल नदी किनारे खनन कराते हैं,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। क्षेत्र के जानकार बताते हैं कि कोल माफियाओं पर कार्रवाई इसलिए नहीं होती है क्योंकि माफिया अपनी कमाई का एक हिस्सा जिम्मेदारों तक भी पहुंचा देते हैं। जिन्हें इस पर रोक लगाना है। कोल माफिया ने नदी किनारे कोयला निकालने के लिए हजारों की संख्या में खड्डे बना दी हैं। जिसमें अभी पानी भरा हुआ है।

### आरक्षक से लेकर अधिकारियों तक पैसा कमाने चल रही प्रतिस्पर्धा

लखनपुर थाना क्षेत्र में आरक्षक से लेकर अधिकारियों तक पैसा कमाने प्रतिस्पर्धा चल रही है। कोयला चोरी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर तो पहुंचती है परंतु धरातल पर कार्यवाही शून्य नजर आती है। कुछ ऐसा ही देखने को मिला शुक्रवार को जहां एसईसीएल अमेरा के सब एरिया के द्वारा कोयला चोरी की शिकायत लखनपुर थाने में की गई। सूचना मिलने उपरांत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खेत से लावारिस हालत में बड़ी मात्रा में कोयला जप्त किया। पुलीस टीम द्वारा जप्त कोयले को थाने ना लाकर उक्त जप्त कोयले को ट्रेक्टर वाहन से ईट भट्ठे में बेचकर गाड़ी कमाई कर ली गई। इस संबंध में लखनपुर थाना के अधिकारियों से बात करने पर गोल-मोल जवाब दिया जा रहा है।

इस संबंध में लखनपुर एसडीएम बि आर खांडे से चर्चा करने पर उनके द्वारा कहा गया कि अवैध कोयला उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने टीम बनाकर राजस्व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोयला चोरी नहीं रुकती है तो खनिज विभाग और राज्स्व विभाग की सयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही की जाएगी।

**बी आर खांडे, एसडीएम**

इस संबंध में लखनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी से बात करने पर उनके द्वारा कहा गया कि मैं बाहर हूं इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

**शुभम तिवारी,थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी**

इस संबंध में प्रभारी थाना उपनिरीक्षक एल आर चौहान से बात करने पर उनके द्वारा कहा गया कि मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। स्टाफ से बात की जा रही है। उसके बाद बताता हूं।

**एल आर चौहान, प्रभारी थाना उप निरीक्षक**



# 264 पाव अंग्रेजी शराब जब्त,दो आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

आबकारी विभाग के संभागीय उडऩदस्ता टीम ने सूरजपुर जिले के रेवटी चौकी क्षेत्र के ग्राम गोविन्दपुर में दो लोगों के कब्जे से 164 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। टीम ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। आबकारी विभाग के संभागीय उडऩदस्ता टीम को शनिवार को मुखबिर से जानकारी मिली की सूरजपुर जिले के रेवटी चौकी अंतर्गत ग्राम गोविन्दपुर निवासी अनिल जायसवाल व सुरेश जायसवाल अपने-अपने घरों में बिक्री के लिए अंग्रेजी शराब रखें हैं। मुखबिर की सूचना पर टीम दोनों घरों में छापेमारी कार्रवाई कर अनिल जायसवाल के घर से मध्यप्रदेश की 61 पाव गोवा एवं 8 पाव मैकडॉवेल नंबर वन था सुरेश जायसवाल के घर से मध्यप्रदेश की 95 पाव गोवा व्हिस्की शराब जब्त किया है। टीम ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) 34 (2) 36 एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अनिल मित्तल, रंजीत गुप्ता तथा आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में की गई।

# स्कूल से घर लौट रही छात्रा की हादसे में मौत,डॉक्टरों ने बताया हुई है मारपीट

-संवाददाता-
अंबिकापुर 03 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सडक़ हादसे में एक छात्रा शुक्रवार को गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं डॉक्टरों ने छात्रा की मौत का कारण उसके साथ मारपीट होना बताया है। जानकारी के अनुसार संध्या पिता श्रषि राम सतनामी उम्र 9 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम जयपुर की रहने वाली थी। वह शुक्रवार को प्राथमिक शाला मुकुंदपुर पढ़ाई करने गई थी। शाम को छुट्टी होने पर वह पैदल घर लौट रही थी। तभी बचरापारा ट्रांसफार्मर के पास ट्रैक्टर की टक्कर से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि छात्रा की मौत हादसे में नहीं बल्कि मारपीट से चोट लगने से हुई है। छात्रा की मौत को संदिग्ध मानते हुए उसके शव का पीएम चिकित्सकों की टीम द्वारा की गई है। फिलहाल पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई के लिए पीएम रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रही है।

# देश के वंचित लोगों की न्याय के लिए यात्रा कर रहे हैं राहुल गांधी : पायलट





-संवाददाता-
अंबिकापुर 03 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

आठ फरवरी की संभावित तिथी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ प्रवेश कर जायेगी और 13 फरवरी को अम्बिकापुर में राहुल गांधी की एक बडी सभा आयोजित की जायेगी। भारत जोडो न्याय यात्रा की तैयारियों के सिलसिले में अम्बिकापुर पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने यह जानकारी आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में हुई बैठक में दी। इस दौरान सरगुजा संभाग के सभी छह जिलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी देश के वंचित लोगों की आवाज बनकर उनके न्याय के लिये यह यात्रा कर रहे हैं। देश के नौजवान, किसान, श्रमिक, माताएं और बहनों पर जो अत्याचार हो रहा है यात्रा के माध्यम से उनके हक की लडाई लडी जा रही है। भाजपा के पिछले 10 साल के शासन में देश में महंगाई, बेरोजगारी और अन्याय ही बढा है। इसके विरोध में राहुल गांधी की यह ऐतिहासिक यात्रा की जा रही है। बैठक को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी की इस ऐतिहासिक और कामयाब यात्रा से समाज और देश का अवश्य भला होगा। कार्यकर्ताओं को उन्होंने कहा कि विगत चुनाव में हम भले ही सरकार नहीं बना पाये लेकिन हमारा वोट प्रतिशत कायम है। यात्रा के परिणामस्वरुप कांग्रेस छत्तीसगढ के साथ ही पूरे देश में लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेगी। आज आयोजित बैठक को छत्तीसगढ में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के साथ ही प्रदेशाध्यक्ष श्री दीपक बैज ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सरगुजा कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने किया। बैठक के दौरान डा0 चंदन यादव, शिव डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, डॉ0 प्रेमसाय सिंह, विकास उपाध्याय, डॉ प्रितम राम, अम्बिका सिंहदेव, बालकृष्ण पाठक, अजय अग्रवाल, शफी अहमद, जे0पी0 श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, मधु सिंह, अजय तिर्की, पवन अग्रवाल, राजेन्द्र तिवारी, भगवती राजवाडे सहित भारी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सरगुजा प्रवास पर सचिन पायलट का जगह-जगह स्वागत

छत्तीसगढ कांग्रेस के प्रभारी बनने के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव श्री सचिन पायलट का यह प्रथम सरगुजा प्रवास था। इस प्रवास पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट का जगह-जगह स्वागत किया। सचिन पायलट प्रदेश के वरिष्ट नेताओं के साथ न्याय यात्रा के रुट एवं व्यवस्थाओं का आकलन करते हुए शनिवार करीब 11 बजे सरगुजा संभाग के द्वार तारा बॉर्डर पर पहुँचे थे। वहां से अम्बिकापुर पहुँचने तक तारा, शिवनगर, डॉडगांव, उदयपुर, लखनपुर, मेन्ड्रा, सांडबार बेरियर और अम्बिकापुर शहर में उनका भव्य स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस के सदस्यों ने आरती उतारकर और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। कांग्रेस के इस युवा नेता के प्रथम प्रवास से सरगुजा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया।

### डहरिया हटाओ-सरगुजा कांग्रेस बचाओ' के लगाए नारे

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की अंबिकापुर में तैयारियों को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट शनिवार की दोपहर अंबिकापुर पहुंचे। उनके द्वारा कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में तैयारियों को लेकर बैठक ली गई। बैठक से पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम पर 5 साल उपेक्षा का आरोप लगाते हुए 'डहरिया हटाओ सरगुजा कांग्रेस बचाओ' के नारे लगाए। इस दौरान गहमा-गहमी की स्थिति बन गई।

# जितनी आमदनी है उतने में ही आपूर्तियों को पूर्ण करना आवश्यक




-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसका विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं विदेश नीति तथा विकसित भारत 2047 के विषय पर आयोजित किया गया। यह राष्ट्रीय वर्कशॉप राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर एवं संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के सभागृह में आयोजित की गई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर अशोक सिंह एवं कार्यक्रम के मुख्य विषय वक्ता डॉ. रत्नाकर त्रिपाठी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव मिश्रा, कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डॉ. रिजवान उल्ला थे। कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में आनंद कुमार ने अपनी सहभागीता प्रदान की।

कुलपति प्रोफेसर अशोक सिंह ने कहा कि भारत देश विश्व में एक उभरती शक्ति के रूप में अपनी भुमिका अदा कर रहा है। जिसमें भारत देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए एक विकासशील देश से विकसित देश के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित देश बन जाने से ही कार्य खत्म नहीं होगा बल्कि हम सभी को मिलकर भारत को विश्व में हैप्पि इंडेक्स में नम्बर वन बनाना है। केवल पर कैप्टि इंकम बढ़ाने से ही कार्य खत्म नहीं होगी बल्कि जितनी आमदनी है उतने में ही हमे खुश रहना एवं अपनी आपूर्तियों को पूर्ण करना आवश्यक है। उन्होने कहा कि हमें ग्रास नेशनल इंकम, पर कैपिटा इनकम, ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्शन, ह्यूमन डेवलेपमेंट इंडेक्स पर खरा उतरना आवश्यक है। विकसित देशों के लिस्ट में नॉर्वे प्रथम पायदान पर है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी आदि देश आते है। उन्होने कहा युवा शक्ति परिवर्तन की वाहक भी है और परिवर्तन की लाभार्थी भी है। कार्यक्रम में मुख्य विषय वक्ता के रूप में डॉ. रत्नाकर त्रिपाठी, संपादक, टाइम्स ऑफ़ इंडिया एवं विजिटिंग फैकल्टी एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट पटना बिहार ने लोक संस्कृति और क्षेत्रीय भाषा पर आधारित सर्वे रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा की। अपनी रिसर्च के माध्यम से उन्होंने भारत देश को एक सूत्र में बांधने हेतु किस तरह कार्य किया जाना है इस विषय पर विकसित भारत के संदर्भ में अपना सारगर्भित विचार रखें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव मिश्रा, पूर्व भारतीय विदेश सेवा ने कहा कि विकसित भारत 2047 में विकसित देश बनने के लिए हमें अपना इकोनामिक को किस प्रकार बढ़ाना है उसे विस्तार से बताया। जैसे जीडीपी को 30 ट्रिलियन डालर तक बढ़ाना होगा और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत की वार्षिक वृद्धि दर लगभग 8 से 9 प्रतिशत करने की जरूरत है। आज भारत जीडीपी में विश्व का पांचवा सबसे बड़ा आर्थिक देश है जो की आने वाले दो -तीन साल में तीसरी सबसे बड़े आर्थिक अर्थव्यवस्था वाली देश बन जाएगा। विश्व के अग्रणी देश की श्रेणी में भारत भी अपनी विदेश नीति के तहत एक प्रण और उद्देश्य को बढ़ावा देकर अन्य देशों से संबंध बेहतर बनाकर इसमें बढोत्तरी कर पाएगा। उन्होने बताया कि विदेश नीति का भारत के विकास में विशेष योगदान होता है। ध्यान में रखते हुए एवं उनका निराकरण कर भारत को आगे बढ़ाने की बात कही। आज भारत विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने की ओर अग्रसर है व 2047 तक सभी लक्ष्य को प्राप्त करना हम सभी का दायित्व है। इसके साथ ही साथ उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में उच्च शिक्षा विभाग की समग्र शिक्षा नीतियों पर जोर दिया व यह भी व्यक्त किया कि किस प्रकार रोजगार उन्मुखी पाठ्यक्रम के द्वारा सभी छात्रों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते है।

# पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत व उनके करीबियों के यहां चौथे दिन भी चला आईटी की कार्रवाई

-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



प्रदेश के पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत व उनके करीबियों के यहां चौथे दिन आईटी की रेड जारी है। चौथे दिन सुबह आईटी की टीम अंबिकापुर शहर के उन लोगों के घर तक पहुंची है जो लंबे समय से शहर व आसपास के क्षेत्र में जमीन का कारोबार करते हैं। यह भी बात सामने आ रही है कि आईटी की रडार में अब पूर्व खाद्य मंत्री के करीबी जमीन के कारोबारी के साथ भाजपा से जुड़े जमीन कारोबारी आने लगे हैं। गौरतलब है कि ईडी की टीम ने प्रदेश के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के खिलाफ कोयला घोटाले में एफआईआर दर्ज की है। इसके बाद 31 जनवरी की अलसुबह आयकर की मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की संयुक्त टीम ने उनके अंबिकापुर स्थित बंगले, गृहग्राम पार्वतीपुर, सीतापुर स्थित विधानसभा कार्यालय के अलावा रायपुर स्थित निवास पर एक साथ छापा मारा था। टीम द्वारा पूर्व मंत्री की बेनामी संपत्तियों के संबंध में चौथे दिन भी पूछताछ चल रही है। आयकर टीम की कार्रवाई शनिवार को चौथे दिन भी जारी रही। इसकी जद में पूर्व मंत्री के कई और करीबी भी आ गए हैं। शुक्रवार को पूर्व मंत्री के करीबी व गौ सेवा आयोग के सदस्य अटल यादव के मैनपाट स्थित निवास पर आईटी की टीम पहुंची। कांग्रेसी नेता व लकड़ी कारोबारी राजीव अग्रवाल के घर भी रेड मारा है। इन दोनों जगहों पर दूसरे दिन भी कार्रवाई चलती रही। पहुंची। यहां टीम उनसे संपत्तियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इसके अलावा आयकर की टीम ने सीए एचएस जायसवाल से पूर्व मंत्री अमरजीत के आयकर रिटर्न की फाइल ली है। टीम ने पूर्व मंत्री के बैंक खाते समेत वैध-अवैध संपत्तियों के दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

# कल से शुरू होगा महतारी वंदन योजना के लिए आवेदनों का पंजीयन

## पात्र महिला हितग्राहियों को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से स्वयं के बैंक खाते में

-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होगें। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान उनके स्वयं के आधार लिंक डीबीटी आधारित बैंक खाते में किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी 2024 को ऑनलाईन व ऑफ लाईन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ होगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। अनन्तिम सूची 21 फरवरी 2024 को जारी की जाएगी। अनन्तिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी 2024 तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च 2024 को होगा जिसके बाद स्वीकृति पत्र जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राहियों को राशि का अंतरण किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल https: //www.mahtarivandan.cgstate.gov.in तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

### आवश्यक दस्तावेज -

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर ने ली बैठक



**सूरजपुर।** राज्य शासन ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत् सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने हेतु ''महतारी वंदन योजना 2024'' को स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना से जिले की सभी पात्र महिलाओं को लाभ दिलाया जा सके इसके लिये जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग व योजना से संबंधित अन्य विभागों के साथ बैठक रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 01 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। योजना अंतर्गत स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिलाएं पात्र होगीं। जिले की सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिले इसके लिए उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर हितग्राहियों का चिन्हांकन करने और इसके पश्चात निरंतर शिविर लगाकर फार्म भरवाने के लिए निर्देशित किया। टारगेट को शीघ्र प्राप्त किया जा सके इसके लिये उन्होंने वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार व मुनादी कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही योजना की पात्रता के लिए वांछित दस्तावेज के संबंध में महिलाओ या संबंधितों को पूर्ण जानकारी मुहैया कराने की बात कही। योजना के लिये प्रस्तुत करने वाले दस्तावेज में बैंक अकाउंट आधार से लिंक हो इस बात की जानकारी का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की बात कही ताकि प्रक्रिया के पश्चात महिलाओं को निर्बाध रूप से योजना की राशि मिल सके। उन्होंने चेक लिस्ट के साथ क्लस्टर बनाकर योजना बध्द तरीके से युद्ध स्तर पर कार्य करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है ताकि जिले की महिलाएं आर्थिक रूप से और सशक्त बन सके। बैठक में जिला पंचायत सी.ई.ओ सुश्री लीना कोसम, सीडीपीओ, जनपद सीईओ, नगरपालिका अधिकारी, एकीकृत बाल संरक्षण योजना के सभी संरक्षण अधिकारी, चाईल्ड लाईन के पदाधिकरी, सेक्टर प्रवेक्षक और अन्य संबंधित विभागीय अमला उपस्थित था।

# अंबिकापुर नए बस स्टैंड के नजदीक गंगापुर में अंग्रेजी शराब दुकान हटाने की खबर सुनते ही,वार्डवासियों में आई खुशी



-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

अंबिकापुर नए बस स्टैंड के नजदीक गंगापुर में स्थित अंग्रेजी शराब दुकान को वार्डवासी वर्षो से हटाए जाने की मांग करते चले आए है कलेक्टर से लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव से भी वार्डवासी इस शराब दुकान को हटाने फरियाद लगा चुके है,वही गंगापुर के वार्डवासियों की मांग अब पूरी होने की संभावना जताई जा रही है,हाल ही में नगर निगम की हुई बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया है को गंगापुर के अंग्रेजी शराब दुकान को हटाकर कहीं और सिफ्ट किया जाए। दरअसल गंगापुर के रिहायशी इलाके में अंग्रेजी शराब दुकान खुलने के बाद से ही वार्डवासी परेशान थे आये दिन शराबियो से लड़ाई झगड़ा होता रहता था। यही वजह है की शराब दुकान को दूसरे जगह शिफ्ट करने वार्डवासी वर्षो से मांग कर रहे थे, शराब दुकान हटाने की एक और मुख्य वजह थी अंग्रेजी शराब दुकान के बगल में रोजगार कार्यालय और बैंक खुला है रोजगार और बैंक आने जाने वाले लोगों को शराबी छींटाकशी करते थे शराब दुकान हटने की बात सुनकर वार्डवासी काफी खुश हैं। वही नगर निगम के महापौर डॉ अजय तिर्की ने कहा कलेक्टर और आबकारी अधिकारी से चर्चा कर जल्द शराब दुकान दूसरी जगह शिफ्ट कर दी जाएगी ताकि वार्डवासियों को राहत मिल सके।

# नगर में बढ़ा चोर-लुटेरों का आतंक,दिनदहाड़े स्कूटी की डिक्की से लाखों पार कर जताये अपने इरादे...




-संवाददाता-
सीतापुर,03 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

नगर में पुलिस की लचर कानून व्यवस्था के कारण चोरों के बढ़ते आतंक ने लोगो की चिंता बढ़ा दी है। चोर दिनदहाड़े अपने मंसूबों को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे है। नगर में दिनोंदिन बढ़ती चोरी की घटना से लोगो को अपने जानमाल की चिंता सताने लगी है। पुलिस द्वारा चोरी की घटना पर रोकथाम के प्रयासों के बाद भी चोरी के वारदात थमने का नाम नही ले रहे है। दो दिनों के अंदर चोरों ने दो बड़ी घटना को अंजाम देकर अपने मंसूबे जता दिए हैं।

विदित हो कि नगर में इन दिनों चोर गिरोह की सक्रियता काफी बढ़ गया है। जिसकी वजह से नगर में चोरी की वारदात काफी बढ़ गई है। नगर में सक्रिय चोर गिरोह पलक झपकते ही अपने मंसूबो को अंजाम देकर लापता हो जा रहे है। विगत दिनों कोर्ट परिसर में खड़ी वकील की बाइक को चोर ने दिनदहाड़े पार कर दिया। इस मामले में पुलिस ने कामयाबी हासिल करते नगर के कुख्यात चोर नसीम को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। इसके अलावा बुधवार को नगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में महिला चोर गिरोह ने महिला के गले से सोने का चैन पार कर दिया। जिस वक्त महिला चोर गिरोह ने इस घटना को अंजाम दिया उस वक्त बाजार में लोगो की भारी भीड़ थी। इसके बाद भी चोरों ने महिला के गले से लगभग 66 हजार रुपए के सोने का चैन पार कर दिया। पीड़ित महिला को जब इसकी भनक लगी तब उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद वहां मौजूद भीड़ ने चोर गिरोह की एक महिला को धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना से पुलिस उबर भी नही पाई थी कि उठाईगिरो के गिरोह ने दिनदहाड़े एक बड़ी घटना को अंजाम दे दिया। बाइक सवार दो उठाईगीरों ने घर के बाहर खड़ी स्कूटी की डिक्की खोलकर उसमे रखा 1 लाख 33 हजार रुपये पार कर दिया। यह घटना रायगढ़ रोड पर उस वक्त घटी जब बैंक से पैसा आहरण कर स्कूटी सवार मनीष गुप्ता उर्फ बंटी अपने चाचा के घर आया हुआ था। तभी मुँह पर नकाब बांधे दो बाइक सवार युवक वहाँ पहुँचे और डिक्की से पैसा ले उड़े। इसके अलावा नगर में चोरी की छुटपुट घटना अब आम हो गई है।

### साप्ताहिक बाजार बना चोरों का अड्डा

नगर में बुधवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार चोरों का अड्डा बन गया है। दिन बाजार में काफी भीड़भाड़ होने की वजह से चोर चोरी,छीनाझपटी,पाकेटमारी की घटना को बड़ी आसानी से अंजाम देते है। बाजार में चोरी की घटना को अंजाम देने में कुख्यात बादी गिरोह ज्यादा सक्रिय रहता है। जिसमे महिला पुरुषों के अलावा नाबालिग बच्चे तक संलिप्त रहते है। शायद ही ऐसा कोई बुधवार होगा जिस दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार से लोगो का पर्स, मोबाईल, सोने के आभूषण एवं नगदी पार न हुए हो। बाजार में चोरी की घटना को अंजाम देने सरगुजा समेत जशपुर रायगढ़ जिले से चोर गिरोह आते है। जो कई ग्रुपों में बंटकर बाजार में चोरी की घटना को अंजाम देते है। इस संबंध में थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने बताया कि महिला के गले से सोने की चैन एवं स्कूटी की डिक्की से रकम पार करने वालो की पत्तासजी की जा रही है। पुलिस को इन दोनों मामलों में अहम सुराग हाथ लगे है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# मेरी रोटी गोल की थीम पर बैगलेस डे पर हुआ चट्टीडांड़ स्कूल में रोटी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

## रोटी की गोलाई और स्वच्छता के आधार पर किया गया विजेताओं का निर्धारण

## सबसे गोल रोटी बनाने वाली अराधना सारथी रही रोटी बनाओ प्रतियोगिता में अव्वल

-संवाददाता-
सूरजपुर,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

शनिवार बैगलेस डे के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ में मेरी रोटी गोल की थीम पर रोटी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत 19 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मजेदार प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में काफी उत्सुकता देखने को मिली,सभी प्रतिभागी बच्चे अपने - अपने घर से बेलना-चौकी और आटा लेकर प्रतियोगिता में शामिल हुए । इस प्रतियोगिता के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया तथा विजेताओं का निर्धारण रोटी की गोलाई और स्वच्छता के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले सभी बच्चों में यह आत्मविश्वास देखने को मिला कि मेरी रोटी गोल बनेगी और हम जीतेंगे । सभी बच्चों ने रोटी को गोल बनाने का काफी प्रयास किया, लेकिन बच्चों को गोल रोटी बनाने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस प्रतियोगिता में सबसे गोल रोटी बनाने वाली कक्षा चौथी की छात्रा कुमारी अराधना सारथी प्रथम रही, इसके साथ ही द्वितीय स्थान कक्षा पांचवी की छात्रा कुमारी अनन्या सारथी और तृतीय स्थान कक्षा चौथी की छात्रा कुमारी परी सारथी ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका मध्याह्न भोजन रसोईया श्रीमती सीमावती और श्रीमती फलांगो ने निभाया। सभी प्रतिभागी बच्चों ने अपने - अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि रोटी बनाने का उनका अनुभव बहुत सुखद रहा,उन्हें रोटी बनाने में बहुत मजा आया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधान पाठक गौतम शर्मा,शिक्षिका कुमारी विनिता सिंह और शिक्षक संतोष कुमार चंदेल का सक्रिय योगदान रहा।



### 100 से अधिक दिव्यांग चिन्हांकित,मिलेंगे सहायक उपकरण

# तीन दिवसीय दिव्यांगजन सहायता शिविर

-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में साउथ ईस्टन कोल्डफिल्ड्स लिमिटेड द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सी.एस.आर. कार्यक्रम अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु परीक्षण शिविर का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। यह आयोजन गत दिनांक 01 फरवरी को जनपद लखनपुर, 02 फरवरी को जनपद पंचायत सीतापुर एवं 03 फरवरी 2024 को जनपद पंचायत अम्बिकापुर में एल्मिको जबलपुर एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। शिविर में 80 प्रतिशत से अधिक अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को बैटरी मोट्राईज्ड ट्रायसायकल एवं दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को सुगम्य केन प्रदाय किये जाने हेतु हितग्राहियों को चिन्हांकित किया गया। इस तीन दिवसीय आयोजन में लखनपुर में 19 हितग्राही, सीतापुर में 35 एवं अम्बिकापुर में 56 हितग्राही चिन्हांकित किए गये हैं। चिन्हांकित हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदाय किए जायेंगे। सामर्थ विकास सहायक उपकरण प्रदाय योजनान्तर्गत अस्थिबाधित दिव्यांग रंगसाय बरवा,निवासी ग्राम पंचायत बलसेड़ी को समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक डी.के. राय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.एस. सेंगर के हाथों सहायक उपकरण प्रदाय किया गया है। शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एल्मिको जबलपुर म.प्र. के धर्मेन्द्र यादव कनिष्ठ प्रबंधक,गौरव कुमार पुर्नवास विशेषज्ञ,प्रिन्स सिंह डाटा मैन एवं समाज कल्याण विभाग से श्रीमती प्रभावती दास परिवीक्षा अधिकारी, अंजना रोस बेक परिवीक्षा अधिकारी, सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



# 4 बंधक मजदूरों को महाराष्ट्र के ठाणे से किया गया मुक्त

-संवाददाता-
सूरजपुर,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

जिला प्रशासन के सार्थक पहल से महाराष्ट्र के ठाणे जिला में कल्याण के पास स्थित मुरबाड़ गांव से सूरजपुर जिले के चार बंधकों को सफलता पूर्वक मुक्त कर लिया गया है। सूरजपुर के भैयाथान विकासखंड के गांव सांवारवां और परसिया के 04 किसान परिवार के सदस्यों को बेहतर आजीविका का प्रलोभन देकर बोरवेल कंपनी 'रॉक ड्रिलर' द्वारा महाराष्ट्र के मुरबाड़ गांव मे बंधक बनाकर कार्य लिया जा रहा था। 04 महीने से उन्हें वहां बंधक बनाकर रखा गया था। इसकी सूचना कलेक्टर श्री रोहित व्यास को ई-जनदर्शन के एक आवेदक से प्राप्त हुई। जिसमें उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रम विभाग और पुलिस को अग्रिम कार्यवाही के लिए आवेदन प्रेषित किया। जिस पर तुरंत अमल करते हुए श्रम विभाग ने प्रकरण की पूरी जानकारी पुलिस को मुहैया कराई। इसके पश्चात पुलिस विभाग ने भी तत्परता के साथ अग्रिम कार्रवाई की। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सक्रिय रूप से जिले के बंधकों को छुड़वाने के लिए प्रति सार्थक कदम उठा रहा था। जिसमें महाराष्ट्र के जिला ठाणे के कलेक्टर अशोक सिंगारे (आईएएस) और एडिशनल ट्राईबल कमिश्नर दीपक कुमार मीणा के विशेष सहयोग से भैयाथान के बंधवा मजदूरों को मुक्त कराया गया। इसके साथ ही बंधक बनाने वाले सभी षड्यंत्र कारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 504,34 व बंधक श्रमिक अधिनियम के तहत 16,17,18 और बाल श्रमिक प्रतिबंध एवं विनियमन की धारा 14 के तहत अपराध कायम कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। भैयाथान के ग्राम सावंरावां से इंद्रपाल, विकेश और ग्राम परसिया से बादल व मनबोध आज ठाणे रेलवे स्टेशन से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे और कल तक अपने परिवार के पास सकुशल पहुँच जाएंगे।

# शासकीय शाला विशुनपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

-संवाददाता-
उदयपुर 03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।



विकासखंड उदयपुर अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला विशुनपुर में दिनांक 2-2-2024 को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीमती राधा रवि जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि, जनपद अध्यक्ष श्रीमती भोजवंती सिंह जनपद सदस्य श्रीमती शांति राजवाड़े योगेंद्र सिंह श्रीमती कल्पना भदौरिया, दीपक सिंघल, मनीष अग्रवाल,श्रीमती ए. केरकेट्टा,श्रीमती अंजना एक्का प्रधानपठिका के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पहार अर्पित कर किया गया। सभी सम्माननीय अतिथियों का पुष्पहार,पुष्पगुच्छ, बैच व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के वर्तमान व भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने खुशियों और उत्साह की छटा बिखेर दी साथ ही उपस्थित सभा का मन मोह लिया। कार्यक्रम में श्री पंडो सिंह पैकरा सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को श्री रविकांत यादव बीईओ, श्री हेम प्रकाश साहू एबीईओ एवं माध्यमिक शाला विशुनपुर के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। थाना उदयपुर की थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर जी ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति और बच्चों को पुरस्कार देकर शाला परिवार का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने शाला प्रांगण में सांस्कृतिक मंच बनवाने की घोषणा कर उत्साह को दुगना कर दिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अंजना एक्का, श्रीमती रेनू सिंह, श्रीमती गायत्री सिंह, श्रीमती सुशीला धुर्वे, श्रीमती गंगा सिंह, श्रीमती चंद्रप्रभा सिंह, श्रीमती हीराबाई, श्रीमती संपत्ति सिंह, श्रीमती राजेश्वरी सिंह, श्री राम बिलास पैकरा, श्री तपेश्वर पंडो, श्री लाल सिंह, श्री राम मनोहर सिंह,सहित अन्य विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं,उमेंद्र सिंह (सरपंच),भूतपूर्व छात्र-छात्राओं सहित भारी संख्या में सम्माननीय ग्रामवासी उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक अरविंद ध्रुव एवं संकुल समन्वयक सुरित राजवाड़े जी के द्वारा किया गया।

# बड़ी राशि खर्च कर किया गया झुमका जल महोत्सव जिलवासियों के मनोरंजन के लिए था या जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों के लिए मनोरंजन के लिए ?

## कोरिया वासियों के लिए झुमका महोत्सव का हुआ था आयोजन पर उन्हें ही नहीं मिली कुर्सियां,खड़े होकर देखना पड़ा आयोजन

## 10 हजार क्षमता वाले कार्यक्रम के लिए 2 हजार कुर्सियां अन्य ने खड़े होकर लिया कार्यक्रम का आनंद

## कार्यक्रम के लिए जगह नहीं पार्क वाले जगह को बनाया गया कार्यक्रम स्थल

## पुराने वोट का देखरेख हो नहीं पा रहा और मंगा लिया गया शिकारा








-रवि सिंह-
कोरिया,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
कोरिया जिले में झुमका जल महोत्सव का आयोजन हुआ इस आयोजन इस सफलता का श्रेय कलेक्टर कोरिया और बैकुंठपुर एसडीएम को जाता है, झुमका जल महोत्सव दो दिवसीय था जिसका समापन हो चुका है, अब आयोजन की कमियों पर नजर जा रही है सवाल यह उठता है कि क्या जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्र की जनता के लिए इस महोत्सव का आयोजन किया गया था या फिर जनप्रतिनिधियों को खुश करने के लिए? करोड़ों रुपए खर्च कर आयोजन किया गया था? यह सवाल इसलिए उत्पन्न हो रहा है क्योंकि क्षेत्र के लोगों को इस महोत्सव के आयोजन का आनंद लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा? इस महोत्सव का क्षेत्रवासी आनंद ले सकें इसके लिए खूब प्रचार प्रसार किया गया और मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि भी बनाया गया पर जिन क्षेत्र वासियों के लिए यह आयोजन हुआ उन्हें ही इस कार्यक्रम का आनंद लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा या कहें तो वह आनंद नहीं ले पाए और वहां से वापस चले आए, क्योंकि वहां पर उन्हें पहुंच पाने में ही कई सारे अड़चनों का सामना करना पड़ा। एक तो जहां पर आयोजन हुआ वहां पर जगह क्षेत्र की जनसंख्या के हिसाब से कम थी वहां पर दो से ढाई हजार लोग ही इस कार्यक्रम का आनंद ले सकते थे जबकि क्षेत्र की आबादी काफी बड़ी है यदि उस हिसाब से भी सोचें तो कम से कम 10 हजार लोगों को आनंद मिले ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए थी।

### भाजपा नेताओं को नाराज देखा गया

वहीं कार्यक्रम में अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों के परिवार के सदस्यों को विशेष महत्व दिया गया अन्य सभी को बैठने की भी जगह मिलनी मुश्किल नजर आई जो चर्चा का भी विषय रही। देखने में तो यह भी नजर आया की भाजपा के ही कार्यकर्ताओं को उनके साथ पहुंचे उनके परिवार जनों को कार्यक्रम में पहुंचने में या तो समस्या हुई या वह पहुंच ही नहीं सके। मुख्यमंत्री के आगमन दिवस भी भाजपा नेताओं को नाराज देखा गया जो उनकी अंदरूनी चर्चा सुनाई दी जिसमे यह सुनने को मिला की बैकुंठपुर सहित चरचा के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को छोड़कर अन्य क्षेत्र के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को उपेक्षा का दंश झेलना पड़ा जिसके कारण उनका मनोबल टूटा हुआ नजर आया। भाजपा के कुछ नेताओं को मंच पर जगह मिली मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान उनमें जिला पदाधिकारी शामिल थे लेकिन यह वही पदाधिकारी थे जो बैकुंठपुर या चरचा के थे अन्य को वरिष्ठता के बावजूद नीचे मंच के सामने पीछे की ही पंक्ति में बैठना पड़ा जो उन्हे नागवार गुजरा। बैकुंठपुर में भाजपा के कई मंडल हैं उसमे से केवल चरचा मंडल अध्यक्ष ही मंच तक पहुंच सके वहीं भाजपा के जिला स्तर के पदाधिकारी अन्य वरिष्ठ पुराने पदाधिकारी कार्यकर्ता जगह ही तलाशते रहे जिसके बाद वह मायूस हुए।

### पूरा आयोजन अधिकारियों के इस तरह गिरफ्त में रहा

कुल मिलाकर पूरा आयोजन अधिकारियों के इस तरह गिरफ्त में रहा की केवल शासकीय विभाग के लोग और उनके परिवार के ही सदस्य कार्यक्रम में आनंद उठा सके अन्य का कार्यक्रम स्थल में आना और जाना ही देखा गया रुककर कार्यक्रम देखने की किसी ने रुचि नहीं दिखाई। भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं में से भी बैकुंठपुर सहित चरचा के ही लोगों को विशेष महत्व मिला अन्य उपेक्षित ही नजर आए। पास वितरण और पास में भी यह देखा गया की अधिकांश भाजपा नेताओं को भी हरा वीआईपी पास दिया गया जिसे प्रथम गेट पर ही तव्वजो नहीं दिया जाता था क्योंकि वह आम पास घोषित था। वीवीआईपी पास केवल कुछ सीमित लोगों तक पहुंच सका जो अधिकांश ऐसे लोग थे जो या तो बड़े भाजपा नेताओं के संपर्क में थे उनके परिजन थे या अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्य थे। शेष जिलेवासी केवल आते गए और जाते गए।

### पास वितरण में भी नजर आया पक्षपात,भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं को भी नहीं मिला वीवीआईपी पास

झुमका जल महोत्सव के दौरान पास वितरण में भी पक्षपात नजर आया। वीवीआईपी पास सभी भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं को नहीं मिल सका। अधिकांश को वीआईपी पास दिया गया हरे रंग का जिसकी कोई वकत किसी बेरीकेट्स पर नहीं नजर आई। वीआईपी पास को आम पास बताकर ही पासधारी को प्रथम गेट पर ही रोक दिया जाता रहा और वह परेशान देखा गया। वीवीआईपी पास जिन्हे मिला उन्हे अंदर तक अंतिम गेट तक जाने की अनुमति मिली वहीं उन्हे बैठने को जगह भी प्रदान किया गया। कुल मिलाकर वीवीआईपी पास के अलावा जो संतरे रंग का था के अलावा अन्य पास किसी काम का नहीं था वह केवल पासधारी को संतुष्ट करने के लिए दिया गया था और उसे लेकर पहुंचे लोग उपेक्षित होकर ही लौटे। वीवीआईपी पास अधिकारियों सहित उनके परिजनों के पास ज्यादा नजर आया वहीं खास भाजपा नेताओं और उनके परिजनों के पास भी उसकी उपलब्धता नजर आई। कुल मिलाकर वीवीआईपी पास जिन्हे मिला वह कार्यक्रम में अतिथि माने गए अन्य को आम मानकर कोई तव्वजो नहीं दिया गया।

### पुलिस अधीक्षक की पुत्री ने भी प्रस्तुत किया नृत्य,लोगों ने कला को सराहा

झुमका जल महोस्तव के अंतिम दिवस कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक की पुत्री ने भी मंच पर नृत्य कला का प्रदर्शन किया,नृत्य कला को लोगों ने सराहा। लोगों ने नृत्य को मंच पर प्रस्तुति योग्य माना और सभी ने नृत्य का आनंद भी लिया वहीं सभी ने प्रस्तुति पश्चात तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह वर्धन भी किया।

### प्रथम दिवस अधिकारियों के लिए किए गए भोजन व्यवस्था में एक अधिकारी के नाराज होने की बात भी आई सामनेःसूत्र

सूत्रों का यह भी कहना है की अधिकारियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी,पहले दिन की भोजन व्यवस्था जो रात्रि समय का भोजन काल था के दौरान एक अधिकारी नाराज होकर चले गए क्योंकि उन्हें वह खाने को नहीं मिल सका जो उन्हे खाने की मंशा थी

### कार्यक्रम का बहिष्कार कर कार्यक्रम स्थल से बाहर चले गये,कांग्रेसी,एकमात्र कांग्रेसी शिवपुर चरचा नगर पालिका अध्यक्ष अंत तक बैठी रही मंच पर

कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर व जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल पहुंचे थे जहां उनके द्वारा बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं दिये जा रहा है ऐसा उन्होंने आरोप लगाया और कार्यक्रम से वापस लौट गये। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें मंच पर बैठने की जगह नहीं देने पर कहा गया कि मंच पर भाजपा के जिला पंचायत सदस्यों को जगह दी गयी है परन्तु उन्हें जगह नहीं दी गयी यह प्रशासन का नहीं अपितु भाजपा का कार्यक्रम कहते हुए कार्यक्रम का बहिष्कार कर कार्यक्रम स्थल से बाहर चले गये। पत्रकारों के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय से लिये जाने वाले बाईट के पूर्व मीडिया कर्मियों में जगह की कमी को लेकर काफी अव्यवस्था देखी गई जिसे पुलिस अधीक्षक द्वारा नियंत्रण कर समन्वय स्थापित किया गया। कांग्रेसियों में से केवल शिवपुर चरचा नगर पालिका अध्यक्ष ही मंच पर अंत तक नजर आई। नगर पालिका अध्यक्ष शिवपुर चरचा का अंत तक मंच पर बैठे रहना अन्य कांग्रेसियों के उस आरोप को नकारता नजर आया जिसमे उन्होंने कांग्रेसियों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

### कलेक्टर मैडम ने भी किया कला का प्रदर्शन,लोगों ने प्रस्तुत गीत को माना समय का नुकसान

जिले में आयोजित झुमका जल महोत्सव में कलेक्टर मैडम ने भी अपनी गायकी कला का मंच पर प्रदर्शन किया।। प्रदर्शन को लोगों ने नकारा और प्रस्तुति से लोग उठकर जाने भी लगे,तब मीत ब्रदर्स ने आकर मंच सम्हाला और तब लोग ठहर गए। कलेक्टर मैडम कहकर मीत ब्रदर्स ने ही महिला कलाकार को संबोधित किया जिन्होंने गीत प्रस्तुत किया जिसे लोगों ने नकार दिया क्योंकि वह किसी भी स्थिति में ऐसे बड़े मंच के हिसाब से प्रस्तुत होने योग्य प्रस्तुति नहीं था।

### असुविधाओं का सामना करना पड़ा

स्थानीय प्रशासन द्वारा पार्किंग स्थल को कार्यक्रम स्थल से काफी दूर बनाया गया था जिससे लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा साथ ही अपेक्षाकृत भीड़ की कमी देखी गई। कार्यक्रम में करीब 2500 की संख्या में लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम में रोक टोक ज्यादा रही खासकर आम लोगों के लिए वहीं उन लोगों को भी रोक टोक झेलना पड़ा जिनके पास हरे रंग का वीआईपी पास था। लोग उत्साह से परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचे जरूर लेकिन उन्हे वह महत्व वह सुविधा नहीं मिल सकी जैसी उन्हे उम्मीद थी। अधिकारियों और बड़े भाजपा नेताओं सहित उनके परिजनों के अलावा हर व्यक्ति कार्यक्रम में उपेक्षित ही हुआ परेशान ही हुआ जो देखा सुना गया।

### पुलिस मुस्तैद रही एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य रही

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर युवा कांग्रेस कोरिया द्वारा विरोध स्वरूप काला झण्डा दिखाये जाने की योजना बनाई गयी थी, जिसे स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को खरवत स्थित युथ कांग्रेस कार्यालय में बैठाकर नियंत्रण में रखा गया था, पुलिस मुस्तैद रही एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य रही। पुलिस ने बैरिकेट्स पर भी लगभग व्यवस्था बनाने की कोशिश की उन्होंने यह भी कोशिश की की कोई नाराज न हो,वैसे कानून व्यवस्था बनाने के दौरान कुछ लोग नाराज हुए भी लेकिन कार्यक्रम में कोई गड़बड़ी नहीं हुई यह पुलिस विभाग की सफलता रही।

### कार्यक्रम को लोगों ने अधिकारियों का पारिवारिक उत्सव बताकर अपने मन को आक्रोश को शांत कर लिया

झुमका जल महोत्सव को अधिकारियों का पारिवारिक उत्सव मानकर लोगों ने संतोष किया और अपने आक्रोश को जो अव्यवस्था और सुविधा न मिलने के कारण उन्हे हुई उसे उन्होंने भुला दिया। पूरा आयोजन पारिवारिक उत्सव अधिकारियों का लोगों ने बताया यह गलत भी नहीं था क्योंकि सबसे पहले अधिकारियों और उनके परिजनों के लिए बैठक व्यवस्था की गई उसके उपरांत भाजपा के बड़े नेताओं के लिए बैठक व्यवस्था की गई शेष अन्य के लिए कोई व्यवस्था ऐसी नहीं दिखी जो उन्हे कार्यक्रम से जोड़ने में कारगर साबित होती। कार्यक्रम में कुछ प्रस्तुतियां अधिकारियों के परिवार के सदस्यों ने भी देने की कोशिश की उसमे से पुलिस अधिक्षक की पुत्री की ही प्रस्तुति लोगों की सराहना पा सकी। कलेक्टर मैडम नाम से उद्बोधित की जा रही महिला की गीत प्रस्तुति को लोगों ने नकारा यह भी सुनने को मिला।

### कार्यक्रम में उपेक्षित हुए भाजपा नेताओं सहित कार्यकर्ताओं से कैसे लोकसभा चुनाव में पार्टी लेगी काम?

झुमका जल महोत्सव भाजपा की नई सरकार के कार्यकाल में पहली बार हुई। कार्यक्रम में बैकुंठपुर चरचा के अलावा अन्य क्षेत्र के भाजपा नेता कार्यकर्ता उपेक्षित ही नजर आए। अब सवाल यह उठता है की अपनी सरकार बनते ही उत्साहित होकर कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेताओं को जिस तरह झुमका जल महोत्सव में उपेक्षित होना पड़ा क्या वह ऐसी उपेक्षा के बाद लोकसभा चुनाव में पूरी ऊर्जा से काम कर पाएंगे। क्या वह विधानसभा चुनाव की तरह मेहनत करने की सोचने वाले हैं या केवल मंच पर बैठे और प्रथम पंक्ति में बैठे भाजपा नेता और उनके परिजनों के बल पर ही लोकसभा चुनाव में जीत अब सुनिश्चित होने वाली है। वैसे भाजपा में ऐसा पहले नही देखा जाता था हर कार्यकर्ता का सम्मान उसकी परंपरा चली आ रही है ऐसी त्रुटि हुई कैसे यह बड़ा सवाल है।

# रॉयल किड्स के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक भईया लाल राजवाड़े



-संवाददाता-
कोरिया,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
रॉयल किड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री राजवाड़े द्वारा भगवान श्रीगणेश, मां सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता और अनुज भैया लक्ष्मण की झांकी रही। कक्षा सातवीं की छात्रा सृष्टि पाण्डे के द्वारा स्वागत नृत्य किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चें इस देश का भविष्य हैं और इस देश के निर्माण की आधार शिला भी है, क्योंकि जब बच्चें पढेंगे, तभी वह अपना भविष्य गढ़ेंगे, इसलिए आप सभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें, ताकि वह अपने देश को आगे लेकर जा सके और अपने देश का नेतृत्व कर सके। यह तभी संभव है जब देश का हर एक बच्चा शिक्षित होगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश और क्षेत्र के बच्चें अंग्रेजी में बात करते हैं, हमारे समय में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल नहीं हुआ करते थे, आज आप सभी के पास अंग्रेजी की शिक्षा प्राप्त करने के लिए अंग्रेजी स्कूल आप के गांव में ही है और आप के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए कही दूर नहीं जाना पड़ता, वह शिक्षा आप के अपने गांव में ही रहकर मिल रही है। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत बैकुंठपुर उपाध्यक्ष आशा महेश साहू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में एक अलग ही प्रभाव पड़ता है और बच्चों के अंदर कुछ अलग करने की इच्छा शक्ति जाग्रित होती है और बच्चों के अंदर से डर समाप्त होता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा भक्ति गीत केशरी के लाल के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। मेरा रंग दे बसंती चोला के नित्य को देख कर सभी दर्शकों के आंखों से आंसू छलक उठें, सभी दर्शक खड़े होकर तालिया बजाने लगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबी यादव, स्कूल शिक्षा समिति के सदस्य प्रमोद सिंह, श्रीमती मीरा सिंह, जितेन्द्र सिंह, कपिल जायसवाल, अनिल जायसवाल, खाड़ा के सरपंच राज कुमार बघेल, महोरा की सरपंच श्रीमती देवमती सिंह, दीलिप गुप्ता, शशि प्रकाश जायसवाल, स्कूल के स्टॉफ अफसाना खातून,बबली साहू, प्रियंका जायसवाल, संध्या पैकरा, सुमित्रा, रजनी दुबे, साधना, नीलम चिकनजूरी, संगीता साहू, तनू गुप्ता, कृष्ण गोपाल पाठक, भूपेन्द्र सोलंकी, नागेश्वर प्रसाद, संतोष यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की संचालिका श्रीमती प्रेमा जायसवाल एवं प्रचार्या श्रीमती इंदू जायसवाल के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।



# कोरिया झुमका जल महोत्सव में पधारे प्रदेश के मुख्यमंत्री का गौ रक्षा वाहनी संगठन प्रमुख अनुराग ने किया स्वागत,प्रदान किया स्मृति चिन्ह


-संवाददाता-
कोरिया,03 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।
झुमका जल महोत्सव 2024 दूसरे आयोजन में पहली बार पधारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रथम बैकुंठपुर आगमन पर कोरिया जिला के गौ रक्षा वाहिनी संगठन के द्वारा मुख्यमंत्री को एक स्मृति चिह्न दिया गया एवं उन्हें एक ज्ञापन दिया गया कि बैकुंठपुर में एक बड़ी गौशाला एवं एक रोटी बैंक के लिए एक और बैटरी चलित रोटी रिक्शा प्रदान किया जाए, उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द यह दोनों मांग गौ रक्षा वाहनी की पूरी की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने भी आश्वासन दिया है कि यह दोनों मांग जल्द से जल्द पूरी की जाएगी गौ रक्षा वाहनी निश्चिंत रहे गौ रक्षा वाहनी प्रमुख अनुराग दुबे ने पूरी गौ रक्षा वाहिनी संगठन की तरफ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े कोरिया जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल का गौ रक्षा वाहिनी प्रमुख ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बता दें की झुमका जल महोत्सव के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री का कोरिया जिला आगमन हुआ था वहां मुख्यमंत्री का स्वागत करने का सौभाग्य साथ ही मांग रखने का अवसर गौ रक्षा वाहिनी को भी मिला था।

# महिला एंव बाल विकास मनेन्द्रगढ़ परियोजना की सहायक ग्रेड 2 माहेश्वरी राजवाड़े को कलेक्टर ने किया निलंबित

## महिला एंव बाल विकास विभाग फिर एक बार आया सुर्खियों में...आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से उन्नयन के नाम पर की थी पैसों की मांग

-रवि सिंह-
मनेन्द्रगढ़,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।
विभाग में जहां कर्मठ और अच्छे कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर आमजनों की समस्याओं के समाधान एंव विभागीय योजनाओं के सफर संचालन में दिन रात प्रयासरत हैं। वहीं कुछ ऐसे भी होते हैं जिनके कारण संबंधित विभागों को बदनामी के दामन के साथ कार्यो को संचालन करना होता है। एक बार महिला एंव बाल विकास विभाग अपने कर्मचारियों की बदौलत सुर्खियों में आया है। इस बार भी विभाग किसी अच्छे कार्यो को लेकर नहीं, अपितु अपने ही विभाग के लिपिक माहेश्वरी राजवाड़े के कृत्यों के कारण सुर्खियों में आया है।

नवगठित जिले मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी केंद्र के उन्यन को लेकर लिपिक माहेश्वरी राजवाड़े के द्वारा प्रति केन्द्र 10,000/- रुपयों की मांग मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से की थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने शिकायत में लेख किया है कि लिपिक माहेश्वरी राजवाड़े ने कार्यकर्ताओं से पहले 5000/- एंव मिनी से मेन होने के बाद 5000/- देने की मांग की थी।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा लिपिक माहेश्वरी राजवाड़े के द्वारा उन्नयन को लेकर मांगे जाने की शिकायत महिला एंव बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ जिला कलेक्टर एवं संचालक को शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच हेतु जांच दल का गठन किया गया जिस पर जांच में तथ्यों की सत्यता पाए जाने पर जिला कलेक्टर ने तत्काल कार्यवाही करते हुए निलंबन की कार्यवाही कर संबंधित लिपिक को निलंबन अवधि में मुख्यालय बाल विकास परियोजना चिरमिरी नियत किया गया है।


कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग)
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ0ग0)
आदेश
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ0ग0)

बताना चाहेंगे कि निलंबित माहेश्वरी राजवाड़े की नियुक्ति वर्ष 2013 में सहायक ग्रेड 3 के पद महिला एंव बाल विकास परियोजना मनेन्द्रगढ़ में हुई थी जिसमें अब तक विभिन्न सरकारों के द्वारा इन्हें उपहार स्वरूप स्थानांतरण नीति का उल्लंघन कर आज तक इन्हें ही पदस्थ रखा गया। यही नहीं पिछली सरकार के कार्यकाल में जहां अधिकांश कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान कर अन्य जिलों में स्थानांतरण किया गया पर माहेश्वरी राजवाड़े के ऊपर विभाग की ऐसी मेहरबानी देखने को मिली की माहेश्वरी राजवाड़े को मनेन्द्रगढ़ परियोजना में ही सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2 के पद पर पदोन्नत किया गया। इससे साफ झलकता है कि निलंबित लिपिक माहेश्वरी राजवाड़े की राजनीतिक पकड़ शाबहरहाल अब देखना लाजमी होगा कि विभाग आगे क्या कार्यवाही करेगा।

CMYK

# भाजपा के मीडिया प्रभारी के गिरफ्तारी को लेकर पत्रकार बैठे धरने पर...

# क्या हाथ मलते रह गए कोरिया के भाजपा जिलाध्यक्ष?

- क्या ऐसे मीडिया प्रतिनिधि के सहारे भाजपा बढ़ाएगी अपना कदम,या ऐसे मिडिया प्रतिनिधि को तत्काल हटाने भाजपा कोरिया करेगी पहल?
- भाजपा के मीडिया प्रतिनिधि पर शराब पीकर उत्पात मचाने के दौरान हुई कार्यवाही,आबकारी एक्ट के तहत दर्ज हुई पुलिस प्राथमिकी...
- बैकुंठपुर बस स्टैंड में भाजपा मीडिया प्रतिनिधि शराब पीकर मचा रहा था उत्पात,शराब पीकर उत्पात मचाना है पहले की आदत...
- नशे में सोशल मीडिया में भी लिखते हैं अपशब्द,गुरुवार की रात सोशल मीडिया में अधिकारियों के लिए लिखा अपशब्द बना कार्यवाही का कारण:सूत्र

-रवि सिंह-
कोरिया,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।



भाजपा कोरिया मीडिया प्रभारी की गिरफ्तारी हुई है जो शराब के नशे में सार्वजनिक जगह पर उत्पात मचाने के नाम पर हुई है साथ ही प्रतिनाधात्मक धाराओं के तहत उसके विरुद्ध कार्यवाही की गई है जेल दाखिला उसका हुआ है। भाजपा मीडिया प्रतिनिधि के ऊपर कार्यवाही के बाद अब कोरिया जिले के पत्रकार धरने पर बैठ गए हैं वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष मामले में हांथ ही मलते नजर आ रहे हैं क्योंकि उनके चाहने के बावजूद दो दिनों से मीडिया प्रतिनिधि जेल में निरुद्ध है। बताया जा रहा है की भाजपा मीडिया प्रतिनिधि को जेल से रिहा कराने के लिए कोरिया जिला भाजपा अध्यक्ष ने कलेक्टर कोरिया से बात की जिसमे कलेक्टर ने यह कहकर उन्हे मना कर दिया की बात उनके सम्मान की है इसलिए इस विषय में वह कुछ करने की स्थिति में नहीं हैं। अब पत्रकार आगे लाए गए हैं जो धरना देकर दबाव बनाने में लगे हुए हैं उसमे उन्हे कितनी सफलता मिलती है प्रशासन कलेक्टर दबाव में आते हैं की नहीं देखने वाली बात होगी। वैसे भाजपा मीडिया प्रतिनिधि अपनी आदत से लाचार है अधिकारियों के सम्मान की बात तो दूर वह महिला सम्मान को भी सोशल मीडिया में तार-तार करते हैं जो उनकी आदत है। बता दें की कोरिया जिला भाजपा मीडिया प्रतिनिधि के ऊपर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही हुई है और सार्वजनिक जगह पर शराब पीकर उत्पात मचाने के आरोप में उनके ऊपर बैकुंठपुर पुलिस थाने में आबकारी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई है जैसा की सूत्रों का कहना है। वैसे सूत्रों का यह भी कहना की आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करने के बाद भाजपा मीडिया प्रतिनिधि कोरिया को पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। भाजपा मीडिया प्रतिनिधि के विरुद्ध वैसे तो बैकुंठपुर पुलिस ने शराब पीकर सार्वजनिक जगह बैकुंठपुर के बस स्टैंड में उत्पात मचाने की का आरोप तय किया है वहीं शांति भंग करने के कारण उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा है लेकिन सूत्रों का कहना है की मामला कुछ और है और मामला जिले के आला अधिकारियों के विरुद्ध सोशल मिडिया पर देर रात आपत्तिजनक लिखना वह भी शराब के नशे में रहते हुए लिखना भाजपा के कोरिया जिले के मीडिया प्रभारी को मंहगा पड़ गया और उसे जेल की हवा खानी पड़ी। भाजपा कोरिया के जिस मीडिया प्रतिनिधि को पुलिस ने 1 फरवरी को देर रात शराब नशे में उत्पात मचाने के आरोप में गिरफ्तार किया है वह आदतन है ऐसा कृत्य करने में और वह लगभग प्रतिदिन ऐसे कृत्य करने में माहिर हो चला है। अधिकारियों के लिए कई बार महिला अधिकारियों के लिए भी वह आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर कर चुका है वहीं है बार वह माफी मांगकर बच भी निकला करता था।

### पुलिस प्राथमिकी में नाम गलत दर्ज,क्या भाजपा मीडिया प्रतिनिधि ने नाम बताया गलत या उसे बचाने यह कोई तरकीब

भाजपा कोरिया मिडिया प्रतिनिधि पर शराब पीकर सार्वजनिक जगह पर उत्पात मचाने का आरोप लगा है वहीं उसके अंतर्गत ही उसके विरुद्ध पुलिसिया कार्यवाही हुई है और उसे जेल भी भेजा गया है जैसा सूत्रों का कहना है। अब यदि पुलिस की प्राथमिकी बैकुंठपुर की देखी जाए तो मिडिया प्रतिनिधि कोरिया भाजपा का नाम प्राथमिकी में गलत दर्ज है। भाजपा मिडिया प्रतिनिधि कोरिया जिस नाम से जाना जाता है वहीं वह जिस नाम से पहचान रखता है अपनी वह नाम ही प्राथमिकी में दर्ज नहीं है। पिता का नाम बल्कि सही है। अब या तो उसने खुद गलत नाम बताकर पुलिस को गुमराह किया है या तो उसका प्रचलित नाम उसका असली नाम नहीं है या फिर उसे बचाने उसका नाम गलत लिखा गया है प्राथमिकी में ऐसी तीन संभावनाएं हैं। वैसे बात जो भी हो यह देखना पुलिस का काम है की क्या गलत क्या सही है और उस अनुसार भी कार्यवाही करनी चाहिए और यदि नाम गलत बताया गया है तो फिर उसके विरुद्ध गलत जानकारी देने का भी आरोप लगाकर कार्यवाही करना चाहिए।

### जिला प्रशासन भाजपा मीडिया प्रतिनिधि के विरुद्ध कार्यवाही करने की हिम्मत जुटा



सूत्रों की माने तो इस बार कोरिया का जिला प्रशासन इसलिए भाजपा मीडिया प्रतिनिधि के विरुद्ध कार्यवाही करने की हिम्मत जुटा पाया क्योंकि इस बार मामला जिले के आला अधिकारियों से जुड़ा हुआ था और भाजपा मीडिया प्रतिनिधि ने सोशल मीडिया के एक समूह में जिले के आला अधिकारियों को लेकर आपत्तिजनक लिखना शुरू किया था। सोशल मीडिया पर लगातार अपात्तिजनक लिखने की वजह से जिला प्रशासन खासकर पुलिस प्रशासन हरकत में आया और उसने भाजपा मीडिया प्रतिनिधि कोरिया का हालिया लोकेशन ट्रेस किया और उसे गिरफ्तार किया। कुल मिलाकर मामले में सोशल मीडिया में आपत्तिजनक वह भी जिले आला अधिकारियों के संदर्भ में लिखना भाजपा कोरिया मिडिया प्रतिनिधि को महंगा पड़ गया वह भी शराब के नशे में धुत्त होकर । भाजपा के जिस मीडिया प्रतिनिधि पर कार्यवाही हुई है वह शराब के नशे में ही सोशल मीडिया में सक्रिय हो पाता है शेष सामान्य हालत में वह कुछ भी लिखने और कुछ कहने से परहेज रखता है जिससे समझा जा सकता है की उसकी मानसिक स्थिति शराब की वजह से शायद सामान्य नहीं रहती जब वह नशे में रहता है तब वह और अधिक खराब हो जाती है और फिर वह मर्यादा को तार तार करने से भी परहेज नहीं करता।

### जब बात जिले के आला अधिकारियों पर आई हुई कार्यवाही,क्या आम लोगों के विरुद्ध सोशल मीडिया में गलत लिखना अपराध नहीं?

भाजपा कोरिया मीडिया प्रतिनिधि के ऊपर आबकारी एक्ट के तहत साथ ही प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही हुई है,आरोप भले ही सार्वजनिक स्थल पर देर रात उत्पात मचाने का शांति भंग करने का लगाया गया है लेकिन सूत्रों का कहना है बात जिले के आला अधिकारियों के लिए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक लिखना वह भी देर रात लिखना भाजपा कोरिया मीडिया प्रतिनिधि को मंहगा पड़ा है वह भी शराब के नशे में धुत्त होकर। अब यदि भाजपा कोरिया के मीडिया उक्त मीडिया प्रतिनिधि जिसके ऊपर पुलिस कार्यवाही हुई है की बात की जाए तो वह आदतन है ऐसा कृत्य वह हमेशा से करता चला आ रहा है और चूंकि अब तक वह आम लोगों के लिए छोटे अधिकारियों के लिए ऐसा लिखता चला आया है सोशल मीडिया में जिसपर शिकायत के बाद भी पुलिस ने ध्यान नहीं दिया कार्यवाही नही की और उसका मनोबल इतना बढ़ा कि वह जिले के आला अधिकारियों को अपशब्द लिखने लगा। जिले के आला अधिकारियों की बात सामने आते ही पुलिस सक्रिय हुई और उक्त आरोपी पर कार्यवाही की। अब सवाल यह है की क्या आम लोगों के विरुद्ध सोशल मीडिया पर गलत लिखना अपराध नहीं है आम लोगों का कोई मान सम्मान कानून की नजरो में नहीं है।

### हाल में ही भाजपा मीडिया प्रतिनिधि पर दर्ज हुई है एक अन्य प्राथमिकी,धमकी देने सहित गाली-गलौज का लगा है आरोप

भाजपा मीडिया प्रतिनिधि मूल रूप से एमसीबी जिले के निवासी हैं लेकिन उन्हे जिले का भाजपा मीडिया प्रतिनिधि बनाया गया है और जिनकी आदत में शुमार है की वह देर रात काफी अक्रोशित हो जाते हैं और वह कहीं भी किसी को भी गाली देने धमकी देने से परहेज नहीं करते। सोशल मीडिया में तो जैसे शब्द वह लिखते हैं वह अमर्यादित की श्रेणी से भी ऊपर है जो शायद ही सभ्य समाज स्वीकार कर सके। फिलहाल वह बैकुंठपुर जेल में निरुद्ध हैं और आरोप भले उनके ऊपर कुछ और लगा है लेकिन वह सोशल मीडिया में जिले के अधिकारियों को देख लेने की बात लिख रहे थे इसलिए कार्यवाही हुई है जो सर्विदित है। भाजपा मीडिया प्रतिनिधि वैसे आदतन हैं ऐसे कृत्यों के लिए लेकिन उनके विरुद्ध अपराध दर्ज इसलिए नहीं होता था क्योंकि वह भाजपा के मिडिया प्रतिनिधि हैं। भाजपा के मिडिया प्रतिनिधि के ऊपर एक अन्य मामला दर्ज हुआ है जो गत माह एमसीबी जिले के पोड़ी पुलिस थाने में दर्ज हुआ है जो देखा जा सकता है। आरोप यह लगा है की उन्होंने एक परिवार को धमकाने का प्रयास किया है और गाली-गलौज भी उन्होंने ने की है। अब उसके तत्काल बाद उन्होंने कलेक्टर कोरिया को सोशल मीडिया में देख लेने की धमकी दी है जिसके बाद वह जेल की हवा खा रहे हैं।

### क्या अब भाजपा कोरिया ऐसे शराबी मीडिया प्रतिनिधि को मीडिया प्रतिनिधि की जिम्मेदारी से मुक्त कर पार्टी की छवि धूमिल होने से बचाएगी...?

भाजपा मीडिया प्रतिनिधि कोरिया फिलहाल शराब पीकर शांति भंग करने के मामले में जेल में बंद हैं जैसा सूत्रों का दावा है। वैसे पुलिस प्रथिमिकी बैकुंठपुर पुलिस थाने की देखी जाए तो उसमे आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया मुलाहजा के बाद शराब पीकर बस स्टेंड बैकुंठपुर में देर रात उत्पात मचाने की बात भी प्राथमिकी में लिखी हुई है और वहीं जमानती अपराध होने के कारण भाजपा मीडिया प्रतिनिधि को मुचलका पर छोड़े जाने की भी बात कही गई है। लेकिन सूत्रों का यह कहना भी है की भाजपा मीडिया प्रतिनिधि पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत भी मामला दर्ज किया गया है और भाजपा मीडिया प्रतिनिधि को उसके अंतर्गत जेल भेजा गया है। अब सूत्रों का दावा अपनी जगह लेकिन शराब पीकर उत्पात मचाने का आरोप भाजपा कोरिया मीडिया प्रतिनिधि पर लगा है और कार्यवाही भी है ऐसे में कोरिया जिला भाजपा क्या ऐसे शराबी मीडिया प्रतिनिधि को पद से हटाएगी तत्काल और पार्टी की छवि जो उसके कारण धूमिल हो रही है उसे धूमिल होने से बचाएगी यह बड़ा सवाल है।

## टीम भावना से काम करते हुए जिले का करेंगे विकास:मंत्री लखनलाल देवांगन

-संवाददाता-
कोरबा,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।



जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत शासी परिषद की बैठक जिला पंचायत भवन के सभाकक्ष में मुख्य अतिथि श्री लखनलाल देवांगन वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न एजेण्डाओं पर चर्चा उपरांत मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा आदिवासी जिला है और प्रधानमंत्री ने जिले के खनिजों से प्राप्त रायल्टी से संबंधित जिले के विकास हो सके इसके लिए अनेक अधिकार परिषद को दिए हैं। डीएमएफ से जिले में स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सुविधा सहित आवश्यकतानुसार अधोसंरचना की पूर्ति की जा सकती है। हम सभी जनप्रतिनिधि जनता से जुड़े हुए हैं और जनता की सेवा हम सभी के लिए प्राथमिकता में हैं। हम सभी चाहते हैं कि कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के मध्य बेहतर तालमेल हो ताकि जिले का समग्र विकास हो सके। किसी प्रकार की द्वेष की भावना से दूर रहकर सभी से अच्छा व्यवहार करें और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले का विकास करें। शासी परिषद की बैठक में मंत्री श्री देवांगन ने विभागों और जन प्रतिनिधियों से प्राप्त विकास कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा की और कहा कि जिले के विकास से संबंधित प्रस्तावों को शीघ्र ही प्रस्तुत कर दें ताकि समयसीमा के भीतर बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि नये कलेक्टर सहित अधिकारियों के माध्यम से जिले का तेजी से विकास होगा। विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक रामपुर श्री फूलसिंह राठिया और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर ने भी डीएमएफ की राशि से जिले में विकास कार्यों को गति मिलने और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निराकरण की बात कही।

## भाजपा प्रदेश टीम की हुई घोषणा, विकास रंजन महतो बने प्रदेश मंत्री

-संवाददाता-
कोरबा,03 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव ने आज अपनी प्रदेश टीम के साथियों की घोषणा की । जारी की गई सूची के अनुसार कोरबा जिले से श्री विकास रंजन महतो को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी दी गई । श्री विकास रंजन महतो को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी दिए जाने से कोरबा के भाजपाइयों ने प्रसन्नता जाहिर की है । गौरतलब है कि श्री विकास रंजन महतो पूर्व में भी प्रदेश कार्य समिति सदस्य रहे हैं तथा रायगढ़ जिले के सह प्रभारी के रूप में अपनी भूमिका का कुशल निर्वहन किया है । भारतीय जनता पार्टी के महत्वपूर्ण कार्यक्रम लाभार्थी योजना का उन्हें प्रदेश सहसंयोजक भी बनाया गया है द्ध जिसके राष्ट्रीय कार्यशाला में वह कल ही दिल्ली में सम्मिलित हुए थे । भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की श्री विकास रंजन महतो के प्रदेश मंत्री के रूप में दायित्व दिए जाने से निश्चित रूप से उनकी ऊर्जा तथा कुशल कार्य योजना का फायदा आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त होगा ।

## महतारी वंदन योजना से मिलेगा महिलाओं को आर्थिक संबल

-संवाददाता-
कोरबा,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।



भारतीय जनता पार्टी पार्षद सुश्री रितु चौरसिया ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना को स्वीकृत देने के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को धन्यवाद देते हुए उनका आभार माना। सुश्री रितु चौरसिया के द्वारा सभी बहनों के साथ मिलकर मिठाई खिलाकर योजना लागू करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान भाजपा पार्षद सुश्री रितु चौरसिया ने कहा कि महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की सभी विवाहित महिलाओं के साथ विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को भी मिलेगा महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक विवाहित महिलाओं की जिनकी उम्र 21 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उन्हें प्रतिमाह 1000 आर्थिक सालाना 12000 प्रदेश सरकार द्वारा दी जाएगी द्ध उन्होंने कहा कि यह मोदी जी की गारंटी है जिसकी पूरी होने की पूरी गारंटी है। प्रदेश में भाजपा की सरकार ने जो संकल्प प्रदेश की जनता से किया था उन संकल्प को लगातार एक के बाद एक पूरा कर रही है उन्होंने कहा आगे की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को बहुत बड़ा छल किया था ,वहीं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही फिर से महिलाओं के हित में फैसला आना शुरू हो गया है।

## युवा कांग्रेस ने रोज़गार दो न्याय दो' कार्यक्रम के तहत कुसमी में निकाली थी मशाल रैली

-संवाददाता-
कुसमी,03 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।




कुसमी, युवा कांग्रेस बलरामपुर जिलाध्यक्ष बृजेश यादव के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने रोजगार दो न्याय दो कार्यक्रम के तहत शुकवार की शाम मशाल रैली निकाली थी, यह रैली नगर पंचायत कुसमी बस स्टैंड से शुरू कर शिव चौक में समाप्त की गई।

युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हाथो में मशाल लिए मोदी सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए केंद्र की मोदी सरकार से रोज़गार की माँग की ,युवा कांग्रेस के लोगो ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि युवा कांग्रेस बलरामपुर जिलाध्यक्ष बृजेश यादव का कहना है कि भाजपा सरकार हर साल 2 करोड़ रोज़गार देने का वादा करते हुए सत्ता हासिल की मग़र पिछ्ले 10 वर्षों में उनका ये वादा जुमला साबित हुआ। युवा कांग्रेस बलरामपुर प्रभारी राहुल जयसवाल ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने देश में फैली नफ़रत को कम करने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की थी,अब उसी तर्ज में वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर निकले है।जिसका उद्देश्य देशवासियों को उनका हक और न्याय दिलाना है।राहुल गांधी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस रोजगार दो न्याय दो÷ अभियान चलाकर युवाओं की आवाज न्याय मिल जाने तक बुलन्द करती रहेगी।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मुज्जसम नजर महासचिव पूर्णिमा सेमरिया सामरी विधानसभा अध्यक्ष दीपक बुनकर उपाध्यक्ष मुद्दसिर इराकी कुसमी ब्लाक अध्यक्ष मिथलेश गुप्ता पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवधन भगत पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद उरांव पार्षद वाहिद अली बालेश्वर राम युवा कांग्रेस से रामेश्वर राम,बृजमोहन पैकरा,मुनेलाल नागवंशि,राजदेव राम,विक्रम गुप्ता, एडिथ एलिन तिर्की, अंजना कुजुर,अर्चना नायक, किशोर कुजुर,प्रमोद लकड़ा,लिखेश्वर,रामचन्द्र भगत एवं काफी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।

**Name change notice**

Nishu Agrawal, wife of Suyash Agrawal residing at House no. 14, Sai Heritage Colony, Urdana Road, Near Dhimarpur Chowk,Raigarh (Chhattisgarh) hereby declare that my previous name was Nishu Bansal. I have officially corrected it to my new name, Nishu Agrawal, wife of Suyash Agrawal. Therefore starting from 01.02.2024, all government and official documents must recognize, read, and use my new name.

**Declarer**
Nishu Agrawal, wife of Suyash Agrawal residing at House no. 14, Sai Heritage Colony, Urdana Road, Near Dhimarpur Chowk, Raigarh (Chhattisgarh)

# भारतीय महिला टीम का मुकाबला नीदरलैंड से

## 4 फरवरी के बाद 7 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सामना होगा

**भुवनेश्वर,03 फरवरी 2024।** सविता के नेतृत्व और वंदना कटारिया की उप-कप्तान भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना ध्यान एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 पर केंद्रित कर दिया है। एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप स्पेन 2022 में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने लीग के लिए क्वालीफाई किया। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021/22 में अपनी पहली उपस्थिति में , टीम अर्जेंटीना और नीदरलैंड के बाद तीसरे स्थान पर रही। मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में वापस आने पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ओडिशा में वापस आना बहुत अच्छा है, यहां हर कोई हॉकी का समर्थक है और हम यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। अब हम चाहते हैं दिखाएँ कि हम एक अच्छी टीम हैं और हम अच्छी टीमों के खिलाफ भी खेल सकते हैं। हमें ओलंपिक वापस नहीं मिलेगा लेकिन हम केवल आगे देख सकते हैं, और यही हमारी योजना है, हम दिखाना चाहते हैं कि हम हॉकी खेल सकते हैं।



एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 (महिला) राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में जाने से पहले 3 फरवरी से 9 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होने वाली है , जहां लीग 12 फरवरी से फरवरी तक जारी रहेगी। 18. पांच राष्ट्रीय टीमें भारत, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के भारत चरण में भाग लेंगी, एक बार भुवनेश्वर में और एक बार राउरकेला में एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारत 4 फरवरी को नीदरलैंड्स से भिड़ेगा। 7 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसका सामना होगा और इसके बाद फरवरी में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ भुवनेश्वर में अपना आखिरी गेम खेलेगा।

9. एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 रोमांचक है क्योंकि हमारे पास यह देखने का अवसर है कि हम नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं, रोमांचक बात यह है कि हम इन टीमों के खिलाफ हैं और वे अभ्यास मैच नहीं हैं, ओलंपिक से पहले यह उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है और उन्हें लेना बहुत अच्छा होगा, जेनेके ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में भारतीय महिला हॉकी टीम के उद्देश्य पर टिप्पणी की। ÷मुझे लगता है कि हम गोल कर सकते हैं और अच्छी तरह से बचाव कर सकते हैं लेकिन हम अच्छी टीमों का सामना कर रहे हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि यह कैसे सामने आता है। हम यहां दिखना चाहते हैं, कड़ी लड़ाई करना चाहते हैं और अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपना अद्वितीय कौशल लाना होगा मेज पर। हम जिसके साथ भी खेल रहे हैं उसे चुनौती देना चाहते हैं। यहां हर दूसरी टीम ओलंपिक में जा रही है, लेकिन मुझे लगता है कि हम उनके साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, उसने हस्ताक्षर किए।

## आरती पाटिल ने पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 के लिए क्वॉलीफाई किया



**पुणे,03 फरवरी 2024।** भारतीय पैरा शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक थाईलैंड के पटाया में होने वाली आगामी बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 वर्षीय कोल्हापुर निवासी वर्तमान में महिला एकल (खड़ी/ऊपरी अंग हानि) एसयू5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है।खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल स्पर्धाओं में सात कांस्य पदक अर्जित किए हैं।

आरती ने इससे पहले 2019 में बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था

आरती ने कहा,मैं बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 के लिए क्वालीफाई होने से रोमांचित हूं। मेरे दिमाग से वित्तीय बोझ हटने के साथ, यह मुझे अपने खेल पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देता है। मैं पुनित सर और पुनित बालन समूह के उल्लेखनीय समर्थन के लिए वास्तव में आभारी हूं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में डाइविंग मिश्रित टीम स्पर्धा में ब्रिटेन का दबदबा



**दोहा,03 फरवरी 2024।** ब्रिटेन ने दोहा में 2024 विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, क्योंकि उन्होंने मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जिससे उनके गोताखोरी अभियान की मजबूत शुरुआत हुई।

रिपोर्ट के अनुसार, थॉमस डेली, एंड्रिया स्पेंडोलिनी सिरिएक्स, स्कारलेट मेव जेन्सेन और डैनियल गुडफेलो ने असाधारण टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए कुल 421.65 अंक अर्जित कर जीत हासिल की, जबकि मेक्सिको और ऑस्ट्रेलिया को क्रमशः रजत और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अन्य डाइविंग हाइलाइट्स में, ऑस्ट्रेलिया की एलीशा कोलोई महिलाओं की 1 मीटर स्प्रिंगबोर्ड में विजयी रहीं। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने प्रभाव शाली 260. 50 अंक जुटाए। ब्रिटेन की ग्रेस रीड 257.25 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, उसके बाद मिस्र की महा आइसा रहीं, जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप में अपने देश के लिए पहला डाइविंग पदक जीता।पिछले साल जापान के फुकुओका में दोनों स्पर्धाओं में मौजूदा चैंपियन चीन ने इस बार इन दोनों स्पर्धाओं में भाग नहीं लिया।

### विश्व कप स्पीड स्केटिंग में स्टोल्ज का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी




**ओटावा,03 फरवरी 2024।** संयुक्त राज्य अमेरिका के जॉर्डन स्टोल्ज़ ने स्पीड स्केटिंग विश्व कप में अपना दबदबा जारी रखते हुए कनाडा के क्यूबेक में पुरुषों की 1,000 मीटर दौड़ का खिताब जीता।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताहांत साल्ट लेक सिटी में चार स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद, 19 वर्षीय अमेरिकी स्केटर ने इस स्पर्धा में अपनी लगातार चौथी विश्व कप जीत के लिए एक मिनट और 7.96 सेकंड का समय लिया।

जापान के तात्सुया शिन्हामा 1:08.34 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कांस्य पदक चीन के निंग झोंगयान को मिला, जिन्होंने 1:08.49 में समापन किया।

जापान की मिहो ताकागी ने इस सीज़न में महिलाओं की 1,000 मीटर में अपनी चौथी विश्व कप जीत हासिल करके एक नया टूर्नामेंट रिकॉर्ड बनाया। 1:14.19 में रेखा को पार करते हुए, मिहो ने कनाडाई इवानी ब्लोंडिन द्वारा आयोजित 1:15.83 के पिछले टूर्नामेंट अंक को तोड़ दिया।नीदरलैंड की फेम्के कोक और इसाबेल ग्रेवेल्ट क्रमशः 1:15.07 और 1:15.72 के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

होम स्केटर टेड-जान ब्लोमेन ने 6:13.87 के एक अन्य टूर्नामेंट रिकॉर्ड के साथ पुरुषों की 5,000 मीटर दौड़ जीती, जबकि महिलाओं की 3,000 मीटर में नीदरलैंड की आइरीन शूटेन को 4:01.11 के साथ ताज पहनाया गया।

# यशस्वी जायसवाल के तूफान के आगे नहीं टिके इंग्लैंड के गेंदबाज




दोहरा शतक जड़ने के साथ लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

**विशाखापत्तनम,03 फरवरी 2024।** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज और ओपनर यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम (वाइजैग) के डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में करियर का दोहरा शतक लगाकर इतिहास रच दिया है। इस मैच में यशस्वी का जलवा देखने को मिला है। पहले दिन युवा बल्लेबाज ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए थे और दूसरे ही दिन उन्होंने अपना दोहरा शतक पूरा किया है।

इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही दिन सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। पहले दिन यशस्वी ने 257 गेंदों में 17 चौके के अलावा 5 छक्कों की मदद से 179 न बनाए थे। दिन का खेल खत्म होने तक वो क्रिज पर डटे रहे। उनकी दमदार पारी की बदौलत भारतीय टीम का स्कोर पहले ही दिन छह विकेट के नुकसान पर 336 रन रहा था।

पहले ही दिन अपने बल्ले से धमाकेदार 179 रन बनाते हुए यशस्वी जायसवाल ने बुद्धि कुंदरन का 60 वर्षों पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। वर्ष 1964 में कुंदरन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के पहले ही दिन 170 रन नाबाद बनाए थे और अगले दिन 22 रन बनाए थे। वो इस दौरान दोहरा शतक बनाने से चूक गए थे। गौरतलब है कि किसी भी टीम के खिलाफ टेस्ट मैच के पहले दिन सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड विरेंद्र सहवाग के पास है, जिन्होंने 2004 में पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हुए मुल्तान टेस्ट में नाबाद 228 रन बनाए थे।

### यशस्वी ने बनाया ये रिकॉर्ड

इंग्लैड के खिलाफ एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में यशस्वी जायसवाल का नंबर दूसरे स्थान पर आ गया है। इससे पहले गावस्कर ने 1979 में ओवल टेस्ट मैच के दौरान एक दिन में 179 रन बनाए थे। वहीं करुण नायर ने चेन्नई टेस्ट में एक दिन में 232 रन जोड़े थे। इस मैच में यशस्वी जायसवाल ने शानदार पारी खेली है जिसकी हर दिग्गज जमकर तारीफ कर रहा है।

इस मैच में यशस्वी जायसवाल ने दोहरा शतक जड़कर एक और रिकॉर्ड बनाया। वो ऐसे चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने 23 वर्ष से भी कम उम्र में घर और बाहर दोनों ही मैदानों में टेस्ट मैचों में शतक जड़े है। इससे पहले ये कारनामा रवि शास्त्री, सचिन तेंदुलकर, और विनोद कांबली के बल्ले से ही ये पारियां निकली है। यशस्वी ने जब ये शतक जमाया है तो उनकी उम्र 22 साल और 36 दिन की है।

## ट्रैविस हेड को वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के शेष सफेद गेंद मुकाबलों के लिए टीम से बाहर




**एडीलेड,03 फरवरी 2024।** हेड विंडीज के खिलाफ अगले दो वनडे और सभी तीन टी20 मैचों में नहीं खेलेंगे और इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और टी20 सीरीज से पहले ब्रेक के लिए एडिलेड स्थित अपने घर लौटेंगे। पहले वनडे में विंडीज के 232 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हेड दो गेंदों में सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन स्टीव स्मिथ (79*), कैमरून ग्रीन (77*) और जोश इंग्लिस (65*) ने उपयोगी अर्धशतक जड़कर अपनी टीम को आठ विकेट से आसान जीत दिलाई।

इसके अलावा, पहले वनडे में यादगार अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर 4/17 के आंकड़े हासिल करने के बावजूद तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को कल दूसरे वनडे से आराम दिया जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक बयान में कहा गया है कि यह निर्णय जेवियर के ÷चालू प्रबंधन÷ के एक हिस्से के रूप में लिया गया था क्योंकि वह पीठ में तनाव की चोट से वापसी के बाद घरेलू सत्र के पहले भाग में नहीं खेल पाए थे।

बार्टलेट ने ब्रिस्बेन हीट के बिग बैश लीग (बीबीएल) खिताब जीतने वाले सभी अभियानों में भाग लिया, लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें पांच दिनों के भीतर तीन एकदिवसीय मैचों का कार्यभार सौंपकर कोई जोखिम नहीं लेने का फैसला किया है।.बार्टलेट के कैनबरा में तीसरे वनडे के लिए वापस आने की संभावना है और उनके हीट टीम के साथी स्पेंसर जॉनसन भी टीम के साथ जुड़ेंगे। हेज़लवुड दूसरे वनडे के लिए टीम में हैं जो उनके घर सिडनी में होगा। शुरुआती टीम में जॉनसन की बड़ी कमी थी, जिन्होंने पिछले साल दोनों प्रारूपों में सफेद गेंद से पदार्पण किया था। वह बीबीएल सीजन 13 में 19 विकेट के साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में बार्टलेट (20 विकेट) से पीछे रहे थे।

# दक्षिण कोरिया एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचा



**दोहा,03 फरवरी 2024।** कप्तान सोन ह्युंग-मिन ने स्टॉपेज-टाइम पेनल्टी जीती और अतिरिक्त समय फ्री-किक बनाकर ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 की वापसी के बाद दक्षिण कोरिया को एएफसी एशियाई कप सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।टूर्नामेंट के दो बार के विजेता, 1960 के बाद पहली बार महाद्वीपीय खिताब हासिल करने के करीब एक कदम आगे बढ़ते हुए, मंगलवार को अंतिम-चार मुकाबले में जॉर्डन से भिड़ेंगे।जर्मनी से दक्षिण कोरिया के मुख्य कोच जुर्गन क्लिंसमैन ने मैच से पहले कहा, मैं चाहता हूं कि वे अनुभव करें कि किसी टूर्नामेंट के अंत तक पहुंचने और ट्रॉफी के लिए खेलने का क्या मतलब होता है।

अपनी टीम के लिए क्लिंसमैन के प्रोत्साहन को 2015 संस्करण के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक क्वार्टरफाइनल में अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

दोहा के अल जनौब स्टेडियम में तेज़ हवा और थोड़ी ठंडी रात में, सॉकेरोज़ ने पूरी ऊर्जा और रक्षा से आक्रमण तक धाराप्रवाह परिवर्तन के साथ खेल की अच्छी शुरुआत की।

4-3-3 फॉर्मेशन में बाएं विंगर क्रेग गुडविन ने प्रतिद्वंद्वी के गलत पास के बाद क्षेत्र के किनारे पर कब्ज़ा कर लिया और 42वें मिनट में नाथनियल एटकिंसन के साथ अच्छे संयोजन के बाद ओपनर के लिए बाएं पैर से वॉली मारा।ब्रेक के बाद दक्षिण कोरिया ने और भी अधिक प्रयास किए, लेकिन कई क्रॉस के बाद बराबरी हासिल करने में असफल रहा, क्योंकि विशाल सेंटर-बैक हैरी सॉटर ने क्षेत्र में एक ठोस रक्षा का नेतृत्व किया।

एलिमिनेशन का सामना करते हुए, प्रीमियर लीग क्लब टोटेनहम हॉटस्पर के स्टार फॉरवर्ड सोन ह्युंग-मिन ने दक्षिण कोरिया को बचाने के लिए कदम बढ़ाया।चोट के समय में छह मिनट के उनके दृढ़ संकल्प के कारण क्षेत्र में लुईस मिलर की बेईमानी हुई।

प्रीमियर लीग क्लब वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के स्ट्राइकर ह्वांग ही-चान ने ऑस्ट्रेलियाई कीपर मैथ्यू रयान को स्पॉट-किक मारकर क्वार्टरफाइनल गेम को अतिरिक्त समय में खींच लिया।

31 वर्षीय बेटे ने फिर से मशहूर स्टार की अहमियत साबित की।

अतिरिक्त समय के पहले भाग में सोन ने ऑस्ट्रेलियाई दीवार पर एक ट्रेडमार्क फ्री-किक मारी, जिससे क्लिंसमैन की टीम अगले दौर में पहुंच गई।

इससे पहले शुक्रवार को जॉर्डन ने ताजिकिस्तान पर 1-0 से जीत के बाद अपने इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद, पश्चिम एशियाई टीम आखिरकार इस बार एक कदम आगे बढ़ गई।

सेंटर-बैक अब्दुल्ला नसीब 66वें मिनट में कोने से एक क्रॉस का सामना करने के लिए ऊंचे उठे और उनका हेडर नेट में गिरने से पहले ताजिक डिफेंडर वाहदत हनोनोव से टकरा गया।

## राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी ने के.डी. सिंह बाबू सब-जूनियर हॉकी टूर्नामेंट जीता

**लखनऊ,03 फरवरी 2024।** राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी (आरजीपीएचए) प्रतिष्ठित के.डी. सिंह बाबू सब-जूनियर (अंडर 14) हॉकी टूर्नामेंट के 34वें संस्करण की चैंपियन बनी, जो यहां गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में खेला गया था। आरजीपीएचए मेजबान यूपी ग्रेस को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट का विजेता बना। वे टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में उपविजेता रहे थे।आरजीपीएचए ने खेल के दूसरे मिनट में रज्जाक अली के माध्यम से बढ़त ले ली और चार मिनट बाद मनवीर सिंह के माध्यम से एक त्वरित दूसरा गोल किया। यू.पी. ग्रेस ने 41वें मिनट में निखिल कुमार के माध्यम से बढ़त कम कर दी, लेकिन अंतिम क्वार्टर में आरजीपीएचए ने किसी भी प्रकार की वापसी से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने एक प्रभावशाली प्रदर्शन पूरा करने के लिए दो गोल किए।

मनवीर सिंह ने 48वें मिनट में अपना दूसरा गोल पूरा किया जबकि रज्जाक अली ने 54वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। आरजीपीएचए के कप्तान अंशप्रीत सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्होंने टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का पुरस्कार भी जीता। सजनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।



## विवेक ओबेरॉय ने शिल्पा शेट्टी को बताया खून पीने वालीं वैम्पायर

फिल्ममेकर रोहित शेट्टी की वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी को ओटीटी पर रिलीज हुई थी। 7 एपिसोड की यह सीरीज खूब सुर्खियां बटोर रही है। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी व विवेक ओबेरॉय के प्रमुख किरदार हैं। सभी के काम की तारीफ हो रही है। इस बीच विवेक (47) ने शिल्पा (48) के साथ अपनी दोस्ती को लेकर बातचीत की है। बता दें कि शिल्पा और विवेक बैचमेट हुआ करते थे। दोनों एक-दूसरे को लंबे अरसे से जानते हैं।

विवेक ने एक इंटरव्यू में बताया कि शिल्पा में आज भी कोई बदलाव नहीं आया है। वह आज भी वैसी ही हैं जैसी वह पहली मुलाकात के दौरान हुआ करती थीं। जिस दिन से मैं शिल्पा को जानता हूं, उस दिन से लेकर आज तक उनमें कोई खास बदलाव नहीं आया है। उनकी फिटनेस, लुक, बाल सब वैसे ही हैं। उनकी उम्र भी नहीं बढ़ती है। शिल्पा एक 'वैम्पायर' हैं, जो खून पीती हैं। उनके पीछे ऐसी ही कोई कहानी नजर आती है। वह काफी काइंड हैं।

जिंदगी में वह कितने भी मुश्किल दौर से गुजर रही हों, लेकिन वह हमेशा प्यार और सम्मान के साथ मिलती हैं। वह उन अच्छे लोगों में से हैं, जिनसे आप मिल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि विवेक और शिल्पा के साथ-साथ उनके बच्चे भी आपस में दोस्त हैं। इस बारे में विवेक ने कहा कि इसकी वजह ये है, जिनसे साथ मैं चाहूंगा कि मेरा परिवार समय बिताए, वो ऐसे लोग हैं कि उनके साथ जुड़ जाते हैं। आज हमारे पास जो कुछ भी है, उसके बावजूद हमारे मिडिल क्लास वैल्यूज बरकरार हैं। और यही हमें सुरक्षित रखता है। आगे सर्वाइव करने में मदद करता है।

## आयशा शर्मा ने ट्रांसपेरेंट आउटफिट में गिराई बिजली,कैमरे के सामने दिए एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज



नेहा शर्मा की तरह की उनकी बहन आयशा शर्मा भी काफी ज्यादा बोल्ड हैं और सोशल मीडिया पर नजर आती रहती हैं। इस वक्त भी कुछ ऐसा ही सामने आया है और तस्वीरें आग की तरह वायरल हो रही है।

दरअसल अपनी स्किन को ऑयली करते आयशा ने ब्रालेस होकर तस्वीरें क्लिक की हैं। आग लगातीं इन तस्वीरों ने जैसे ही इंस्टाग्राम पर एंट्री पर वो लोगों को पसंद आ रही हैं। उन्होने जालीदार ड्रेस पहनी थी जो कि बेहद छोटी और कुछ डोरियों में अटकी हुई थी। कहीं उन्होने बैठकर, लेटकर तो कहीं झुककर पोज दिए हैं। तस्वीरों को हसीना ने खुद साझा किया है और लिखा, हैल्लो फरवरी। इसके बाद लोगों के कमेंट्स हमेशा की तरह सामने आ रहे हैं। एक ने लिखा है, जो लोग उसके चेहरे पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे वो लाइक करें।

एक ने लिखा, इसको कहते हैं फिगर। एक ने लिखा, ये शर्मा सिस्टर्स हमेशा से मेरी फेवरिट हैं। एक ने लिखा, आयशा शर्मा 25 मुझे आशा है कि आपका दिन अद्भुत रहेगा आयशा। हालांकि आयशा की तरफ से किसी तरह का कोई रिएक्शन नहीं आया है। आयशा शर्मा बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा की छोटी बहन हैं।

## जल्द ही साउथ सिनेमा में नजर आएंगे अरबाज खान



एक रिपोर्ट के मुताबिक, अरबाज खान ने तेलुगु सिनेमा में अपनी वापसी के लिए उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, 'लंबे समय के बाद, मैं विभिन्न आयामों वाले एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहा हूं और प्रोडक्शन बैनर उत्कृष्ट देखभाल सुनिश्चित करता है। फिल्म बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है'।

गंगा एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित आगामी फिल्म अपनी सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। फिल्म की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए निर्माता महेश्वर रेड्डी ने कहा, 'यह एक विशिष्ट कहानी और पटकथा के साथ एक समकालीन फिल्म है। हम गंगा एंटरटेनमेंट में अपने पहले प्रोडक्शन में अरबाज खान गारू के साथ सहयोग करके खुश हैं, जहां उन्होंने फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।आपको बता दें कि अरबाज खान ने दिसंबर में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की थी। शादी अर्पिता खान के घर पर हुई, जिसमें सलमान खान और उनका पूरा परिवार मौजूद था। इसके बाद अरबाज ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें अरबाज और शूरा पोज देते नजर आए।

## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ विस का बजट सत्र सोमवार से



**रायपुर, 03 फरवरी 2024(ए)।** सोमवार से शुरू होने वाले छत्तीसगढ़ के विधानसभा बजट सत्र के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। पहले दिन राज्यपाल हरिचंदन का अभिभाषण होगा । श्री साय सरकार का पहला बजट 9 फरवरी को वित्त मंत्री ओपी चौधरी पेश करेंगे। वित्त विभाग ने कल रात तिथि तय कर विधानसभा सचिवालय को सूचित किया। इससे पहले यह सूचना न दिए जाने विधानसभा सचिवालय , सत्र की पूरी कार्यवाही तय नहीं पा रहा था। स्पीकर डॉ रमन सिंह आज दोपहर , परंपरागत पत्रकार वार्ता में सत्र की पूरी जानकारी देंगे।

### राहुल भगत बनाए गए सीएम विष्णुदेव साय के सचिव



**रायपुर, 03 फरवरी 2024 (ए)।** आईपीएस राहुल भगत को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सचिव नियुक्त किया गया है। 2005 बैच के आईपीएस भगत अभी नवगठित राजनांदगांव पुलिस रेंज के आईजी हैं। सीएम के वे तीसरे सचिव होंगे। प्रदेश में पहली बार किसी आईपीएस को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। आईपीएस राहुल भगत को सीएम साय का भरोसेमंद अफसर माना जाता है। आईपीएस राहुल चूकि उनके केंद्र में मंत्री रहने के दौरान पीएस रहे हैं, ऐसे में जाहिर हैं छत्तीसगढ़ में नए सीएम का सबसे करीबी और विश्वस्त कोई अफसर होगा, तो वे राहुल भगत होंगे। केंदीय मंत्री के पर्सनल सेक्रेट्री हमेशा मंत्री के साथ रहते हैं।

# मार्च से आएगी महिलाओं के खाते में 12000 रूपए

## 1 मार्च 2024 से मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ




**रायपुर,03 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी पूरी की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। योजना में पात्र महिलाओं को 01 मार्च 2024 से लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इस योजना के तहत 01 जनवरी 2024 को 21 वर्ष पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए के मान से साल में 12 हजार रूपए की राशि महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। महतारी वंदन योजना के लिए महिलाओं से 05 से 20 फरवरी से आन लाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय की लॉगिन आई.डी से किए जा सकते हैं। नगरीय क्षेत्र के आवेदक वार्ड प्रभारी के लॉगिन आई.डी से आवेदन कर सकेंगे।

### पात्रता शर्तें

महतारी वंदन योजना के लिए निर्धारित पात्रता शर्तो में महिला को छत्तीसगढ़ का निवासी होना जरूरी है। इसके अलावा जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है उस वर्ष विवाहित महिला की आयु 01 जनवरी 2024 से 21 वर्ष से कम नही होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत विधवा, तलाकसुदा, परित्यक्त महिला भी पात्र होंगी। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र महिला को 1000 रूपए की प्रतिमाह के मान से साल में 12 हजार रूपए की राशि डी.बी.टी के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरण किया जाएगा। विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत लाभान्वित होने वाली ऐसी महिलाएं जिन्हे प्रतिमाह 1000 रूपए से कम राशि मिल रही है, उन्हें योजना के लिए पात्र होने पर अतिरिक्त राशि स्वीकृत की जाएगी, जिससे उन्हें अधिकतम 1000 रूपए मासिक राशि प्राप्त हो सकेगी।

### आनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल एवं एप्प

महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन निःशुल्क होगा। इस योजना के लिए ऑनलाइन भरने के लिए पोर्टल एच टी टी पी एस/डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू. महतारी वंदन.सीजी स्टेट.जीओव्ही.आईएन पर आवेदन करना होगा। इसके अलावा योजना के लिए बनाए गए मोबाईल एप्प पर भी आवेदन जमा किया जा सकता है। योजना के लिए आवेदन 05 फरवरी से लिए जाएंगे। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 होगी।

### ये दस्तावेज जमा करना होगा

आवेदन करते समय हितग्राहियों को स्वयं का सत्यापित किया हुआ पासपोर्ट साइज की फोटो, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, मतदाता परिचय पत्र में से कोई भी एक, स्वयं एवं पति का आधार कार्ड, स्वयं एवं पति का पैन कार्ड (यदि हो तो), विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी प्रमाण पत्र, विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी वार्ड अथवा ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र हेतु 10 अथवा 12 की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, परिचय पत्र, ड्राईविंग लाइंसेस में से कोई एक, बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा अथवा शपथ पत्र जमा कराना होगा।

### राज्य स्तर पर महिला बाल विकास नोडल विभाग

महिलाओं की सुविधा के लिए आंगनबाड़ी और ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर नोडल विभाग महिला एवं बाल विकास को बनाया गया है। जिला स्तर पर सभी जिलों के कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। शहरी क्षेत्रों में आयुक्त नगर निगम तथा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

# 8 आईपीएस अफसरों को मिला प्रमोशन

## आईपीएस मयंक श्रीवास्तव को डीआईजी से प्रमोट कर आईजी बनाया गया




**रायपुर,03 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में 8 आईपीएस अफसरों को सरकार ने तोहफा दिया है. मंत्रालय में आज चीफ सिकरेट्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में हुई विभागीय प्रमोशन कमेटी की बैठक में इन अधिकारियों के प्रमोशन को लेकर निर्णय लिया गया और खबर है कि जल्द ही प्रमोशन से जुड़ा आदेश भी जारी कर दिया जाएगा। बता दें कि, जनवरी महीने की शुरुआत में बड़ी संख्या में आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन किया गया था,लेकिन आईपीएस अधिकारियों को पदोन्नति नहीं मिली थी। आज मंत्रालय में हुई विभागीय प्रमोशन कमेटी की बैठक में आखिरकार 8 आईपीएस अधिकारियों के प्रमोशन पर मुहर लगा दी गई। जानकारी के मुताबिक, इन अधिकारीयों में 2006 बैच के तीन, 2010 बैच के तीन और 2011 बैच के दो आईपीएस का नाम शामिल हैं।गौरतलब है कि 2006 बैच आईजी, 2010 बैच डीआईजी और 2011 बैच को सलेक्शन ग्रेड देने का प्रस्ताव था। चूकि इन अफसरों के खिलाफ कोई प्रकरण नहीं था, लिहाजा डीपीसी ने सभी के नामों पर मुहर लगा दी है।

### इन अधिकारियों की पदोन्नत्ति पर डीपीसी ने लगाई मुहर

2006 बैच के आईपीएस मयंक श्रीवास्तव,आरएन दास और बीएस ध्रुव को डीआईजी से प्रमोट कर आईजी बनाया गया है।
2010 बैच के आईपीएस अभिषेक मीणा, सदानंद और गिरिजाशंकर जायसवाल को डीआईजी के पद पर प्रमोट किया गया है।
2011 बैच के आईपीएस संतोष सिंह और इंदिरा कल्याण ऐलेसेला को सलेक्शन ग्रेड पर प्रमोट किया गया है. इन अधिकारीयों का पदनाम बदलकर अब स्स्कहो जाएगा। बता दें कि, इस बार एडीजी प्रमोशन के लिए कोई आईपीएस पात्र नहीं था, इसलिए एडीजी पद पर किसी को प्रमोट नहीं किया जा सका. प्रमोशन के लिए इन 8 आईपीएस अधिकारियों के नामों पर विभागीय प्रमोशन कमेटी से हरी झंडी मिलने के बाद अब अनुमोदन के लिए नोटशीट मुख्यमंत्री के पास जाएगी।. जिसके बाद इसका आधिकारिक आदेश जारी होगा।

## असीम राय हत्याकांड के आरोपित बप्पा गांगुली पर एक और एफआईआर दर्ज



### पट्टा दिलाने के नाम पर पैसे लेने का आरोप

**पखांजूर, 03 फरवरी 2024(ए)।** भाजपा नेता असीम राय हत्याकांड में जेल में बंद बप्पा गांगुली के खिलाफ पंखाजूर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। पीवी-31 निवासी गोपाल विश्वास ने बप्पा गांगुली पर पैसे लेने के बाद भी जमीन का पट्टा नहीं देने का आरोप लगाते हुए यह मामला दर्ज कराया है।
पखांजूर के एडिशनल एसपी प्रशांत शुक्ला ने बताया कि नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बप्पा गांगुली ने पीवी-31 निवासी गोपाल विश्वास से जमीन का पट्टा दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये की मांग की थी। गोपाल ने अपने काम के एवज में एक लाख रुपये दिया था। पैसे लेने के बाद भी बप्पा ने जमीन का पट्टा नहीं दिया और ना ही पैसों को वापस किया। बप्पा गांगुली के खिलाफ पंखाजूर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया।

### बप्पा ने दी थी असीम को मारने की सुपारी

बता दें कि पखांजूर में सात जनवरी को भाजपा नेता असीम राय की हत्या कर दी गई थी। कांग्रेस नेता बप्पा गांगुली और विकास पाल ने नगर पंचायत में कुर्सी जाने की डर से हत्या की सुपारी दी थी। असीम को मारने के लिए सात लाख रुपये में डील हुई थी। इस केस में 12 लोग शामिल थे। पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था।

## अमित-नितिन की रिमांड 14 दिन बढ़ी




**रायपुर,03 फरवरी 2024 (ए)।** शनिवार को 13 दिनों की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद महादेव सट्टा ऐप्प और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी नितिन टिबरेवाल और अमित अग्रवाल की रिमांड 14 दिन और बढ़ाई गई है।
दोनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस अजय सिंह राजपूत ने रिमांड बढ़ाने का आदेश दिया है। दोनों 14 दिन तक रायपुर की सेंट्रल जेल में रहेंगे।
रिमांड पूरी होने के बाद 17 जनवरी को दोनों आरोपी को फिर कोर्ट में पेश किया गया।

### विदेशी कंपनियों में शेयर होल्डर

नितिन टिबरेवाल और अमित अग्रवाल ने दुबई में प्रॉपर्टी खरीदी है। विदेशी कंपनियों में शेयर होल्डर भी है। जांच में अब तक ढाई करोड़ रुपए का हिसाब दिखा है अमित का भाई अनिल अग्रवाल महादेव ऐप्प में पार्टनर था। वह दुबई से जो पैसे भेजता था उसे यहां रिसीव कर अमित अपने अकाउंटेंट के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करता था।

### 24 फरवरी को 13 लोगों को कोर्ट में पेश होने का नोटिस जारी

महादेव सट्टा ऐप्प मामले में अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। 13 आरोपियों के खिलाफ बिना गिरफ्तारी का परिवाद पेश किया गया है। कोर्ट ने 24 फरवरी को 13 लोगों को कोर्ट में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है। अगर कोर्ट में पेश नहीं होंगे तो समन जारी किया जाएगा।

### और लोगों की हो सकती है गिरफ्तारी

महादेव सट्टेबाजी केस में लगातार ईडी जांच कर रही है। जिसे लेकर प्रवर्तन निदेशालय जांच कर रही है। जल्द ही महादेव सट्टा ऐप्प मामले में अन्य लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।नितिन टिबरेवाल और अमित अग्रवाल को 13 दिनों की न्यायिक रिमांड पर 3 फरवरी तक जेल भेज दिया है। कस्टोडियल डिमांड खत्म होने पर ईडी ने दोनों को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया था।

# अबूझमाड़ के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर

- रामकृष्ण मिशन आश्रम परिसर में नवीन महाविद्यालय खोलने की घोषणा
- मुख्यमंत्री ने 108 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन
- मुख्यमंत्री किसान मेला-2024 कार्यक्रम में हुए शामिल
- सुदूर जिले में आयोजित किसान मेले की सराहना की



**रायपुर,03 फरवरी 2024 (ए)।** विशेष पिछड़ी जनजाति अबुझमाड़िया बाहुल्य नारायणपुर जिला मुख्यालय में संचालित रामकृष्ण मिशन आश्रम परिसर में अब महाविद्यालय का संचालन भी किया जाएगा। नारायणपुर जिले के कुम्हारपारा रामकृष्ण मिशन आश्रम परिसर में आज आयोजित किसान मेले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इससे अब यहां अध्ययनरत अबूझमाड़िया युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने तीरंदाजी प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से मुलाकात की और मलखंब के प्रदर्शन का आनंद भी लिया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों के आग्रह पर तीर धनुष लेकर सीधे लक्ष्य पर निशाना लगाया। साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने नारायणपुर जिले में 108 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन भी किया।
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा किसान मेले के माध्यम से नारायणपुर जिले के किसानों के कल्याण के लिए बड़ी सुंदर पहल की गई है। किसानों को इस मेले से बड़ा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण मिशन ने ऐसे कठिन क्षेत्र में विभिन्न चुनौतियों के बावजूद गांव-गांव जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अद्भुत कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन-प्रशासन और रामकृष्ण मिशन के प्रयासों से यह अंचल अब पूरे देश-दुनिया में विख्यात हो रहा है। क्षेत्र के युवा मलखंब, तीरंदाजी और फुटबाल सहित विभिन्न खेलों में नाम रोशन कर रहे हैं।
मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसान मेले में दूर-दराज के इलाकों से हमारे किसान भाई आये हैं। मैंने यहां आते हुए देखा कि हमारे किसान भाई तरह-तरह की फल-सब्जियों की खेती कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे वह समय भी याद है, जब किसानों के पास अच्छी खेती के लिए पैसों की दिक्कत थी। गांव के साहूकारों से किसान औने-पौने ब्याज दर पर कर्ज लेने को मजबूर थे। किसानों के लिए पूंजी की समस्या को दूर करने का कार्य छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को साहूकारी कर्ज के जाल से आजाद किया था।

## 9 फरवरी को वित्त मंत्री ओपी चौधरी पेश करेंगे बजट



**रायपुर,03 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ की छठवीं विधानसभा का पहला बजट सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। जो पूरे माह चलेगा। पहले दिन राज्यपाल हरिचंदन का अभिभाषण होगा । साय सरकार का पहला बजट 9 फरवरी को वित्त मंत्री ओपी चौधरी पेश करेंगे।वित्त विभाग ने कल रात तिथि तय कर विधानसभा सचिवालय को सूचित किया। इससे पहले यह सूचना न दिए जाने विधानसभा सचिवालय, सत्र की पूरी कार्यवाही तय नहीं पा रहा था। स्पीकर डॉ रमन सिंह आज दोपहर, परंपरागत पत्रकार वार्ता में सत्र की पूरी जानकारी देंगे।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईवीएम पर उठाए सवाल



**रायपुर,03 फरवरी 2024 (ए)।** ईवीएम को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल लगातार सवाल खड़ा कर रहे हैं। विपक्षी दल आरोप लगातार आरोप लगा रहे हैं कि, भाजपा ईवीएम हैक करवाकर चुनाव जीतती है। हालांकि, कांग्रेस के नेता दिग्गविजय सिंह ने डेमो करके भी दिखाया है। अब ईवीएम को लेकर पूर्व सीएम बघेल का भी बयान सामने आया है। उन्होंने भी इवीएम के हैक होने की आशंका व्यक्त की है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा, जब दूसरे ग्रह पर यहां से बैठकर मशीन को ठीक किया जा सकता है, तो ईवीएम कौन सी बड़ी बात है. पेंटागन और पीएम का अकाउंट हैक हो सकता है तो ईवीएम कौन सी बड़ी बात है. कांग्रेस पार्टी का शुरू से स्टैंड रहा है, बैलट से चुनाव होना चाहिए. ईवीएम को हैक किया जा सकता है।

## नक्सलियों ने कहाःसुकमा हमले के लिए राज्य और केंद्र सरकार जिम्मेदार



### मारे गए दो माओवादियों की तस्वीर भी की जारी

**सुकमा/बीजापुर,03 फरवरी 2024 (ए)।** माओवादियों के दक्षिण सब जोनल ब्यूरो ने नक्सलियों के बटालियन नंबर एक ने हमले की जिम्मेदारी ली है। साथ ही हमले के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,सीएम विष्णुदेव साय और राज्य गृह मंत्री विजय शर्मा को जिम्मेदार बताया है।
सुकमा और बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र टेकुलगुड़म में हुए नक्सली हमले को लेकर नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी किया है। इस हमले में कंपनी नंबर दो की सेक्शन कमांडर माड़वी राजे और बटालियन सदस्य माड़वी बोज्जा की मौत हुई है। प्रेस नोट में इसकी जानकारी देते हुए नक्सलियों ने हमले में मारे गए नक्सलियों की तस्वीर भी जारी की है। मंगलवार को इसी हमले में तीन जवान शहीद हुए थे और 14 जवान घायल हुए हैं। छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा के बीजापुर दौरे के बीच नक्सलियों ने यह प्रेस नोट जारी किया है।

### तीन जवान हुए थे शहीद

मंगलवार को ही सुकमा और बीजापुर की सीमावर्ती क्षेत्र टेकलगुड़ेम गांव में नए सुरक्षा कैंप स्थापना के बाद जोनागुड़ा-अलीगुड़ा क्षेत्र में गस्त पर निकली कोबरा/ एसटीएफ/डीआरजी बल के जवानों पर माओवादियों ने फायरिंग की। सुरक्षा बल ने भी माओवादियों के फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब देते हुए जवाबी कार्यवाही की। सुरक्षा बल के बढ़ते दबाव को देखकर माओवादी जंगल का आड़ लेकर भाग गए। इस मुठभेड़ में तीन जवान शहीद हुए हैं। वहीं 14 जवान घायल हैं। घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है। सभी का इलाज रायपुर में चल रहा है।

### नारायणपुर में पुलिस-नक्सली मुठेड़ में दो नक्सली ढेर, 12 बोर के बंदूक भी बरामद

#### मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की अभी तक पहचान नहीं हुई

नक्सली अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहे है। जब भी मौका मिलता है फोर्स पर अटैक करने से चूकते नहीं है। आज नारायणपुर में पुलिस और नक्सली के बीच फिर से बड़ी मुठभेड़ हुई है। जिसमें दो नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं।
अबूझमाड़ के गोमागाल के जंगल में यह मुठभेड़ हुई है। मुठभे में 2 नक्सलियों के शव के साथ ही मौके से 12 बोर बंदूक भी बरामद किए गए हैं। हालाकि अभी तक मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हुई है।

## विस्फोटों से गांव के घरों में आ रही दरारें



**बिलासपुर/रायपुर,03 फरवरी 2024 (ए)।** मस्तूरी क्षेत्र में क्रशर खदानों में होने वाले विस्फोटों से अब आसपास के घर दहलने लगा है। विस्फोट के चलते कई घरों में भारी दरार आ चुकी है। क्षेत्र में ऐसे करीब 50 गांव हैं, जहां विस्फोट के बाद लोगों का घर हिल रहा है। तीन दिन पहले यहां ब्लास्टिंग से एक स्कूल का प्लास्टर गिर गया, जिसमें दो छात्राएं घायल हो गई। आए दिन हो रही ब्लॉस्टिंग से गांव के कई घरों में दरारें आ चुकी हैं। स्कूल में हुए हादसे के बाद राजस्व और खनिज विभाग की टीम ने खदानों का जायजा लिया। जिसके बाद कलेक्टर ने चार खदानों को सील करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, मस्तूरी क्षेत्र के कोसमडीह और मोहतरा के आसपास 30 से 35 क्रशर और चूना पत्थर की खदानें हैं, जहां ब्लास्टिंग की जा रही है। लोगों का आरोप है कि नियमों को दरकिनार कर खदान रिहाइशी इलाके में चल रही है। कोसमडीह में भी इसी तरह से क्रशर संचालित हैं, जिससे ब्लास्टिंग के बाद आसपास के गांव दहल जाते हैं। क्रशर खदानों से जहां प्रदूषण फैल रहा है, वहीं ,नियमों का ताक पर रखकर की जा रही ब्लास्टिंग से गांव के लोग दहशत में हैं। आसपास के गांव के लोगों ने बताया कि खदानों में ब्लॉस्टिंग का कोई मापदंड और नियम नहीं है। पूरे दिन ब्लास्टिंग होती है। इस दौरान जब दीवारें हिलने लगती हैं तो लोग घरों से बाहर निकल जाते हैं। वहीं, स्कूली बच्चे और टीचर भी दहशत में क्लास रूम से बाहर निकलने पर मजबूर होते हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)